लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित

RNI-UPHIN/2014/58471

दैनिक

# अमन लेखनी



तमन्ना डायना की फिल्म .......



साई धनशिका 12 साल ..........

वर्ष : 11 | अंक : 251 | लखनऊ, 31 अगस्त, रविवार 2025 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

# भारत और जापान ने रक्षा सहयोग बढ़ाने का संकल्प लिया

## दोनों देशों ने रक्षा, व्यापार और इंडो-पैसिफिक सहयोग पर जताई सहमति

राज कुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख/ अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को जापान के मियागी प्रांत के सेंडाई में स्थित एक सेमीकंडक्टर संयंत्र गए। इस दौरान मोदी के साथ उनके जापानी समकक्ष शिगेरु इशिबा भी थे। दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों ने तोक्यो से सेंडाई तक का सफर बुलेट ट्रेन से तय किया। मोदी शुक्रवार को दो दिवसीय यात्रा पर तोक्यो पहुंचे थे।

इससे पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को तोक्यो में जापान के 16 प्रांतों के गवर्नर से मुलाकात की और भारत-जापान विशेष रणनीतिक एवं वैश्विक साझेदारी के तहत राज्य-प्रांत सहयोग को मजबूत किए जाने का आान किया। जापान के विदेश मंत्रालय (एमईए) ने एक बयान में यह जानकारी दी। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, तोक्यो में आज सुबह जापान के 16 प्रांतों के गवर्नर के साथ बातचीत की।

राज्य-प्रांत सहयोग भारत-जापान मैत्री का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है। यही कारण है कि कल 15वें वार्षिक भारत-जापान शिखर सम्मेलन के दौरान इस पर अलग से एक पहल की गई। उन्होंने कहा, व्यापार, नवोन्मेष, उद्यमिता आदि क्षेत्रों में सहयोग की अपार संभावनाएं हैं। स्टार्टअप , प्रौद्योगिकी और एआई (कृत्रिम मेधा) जैसे भविष्योन्मुखी क्षेत्र भी लाभकारी हो सकते हैं।

पूर्वी और दक्षिण चीन सागर में बीजिंग के बढ़ते शक्ति प्रदर्शन को देखते हुए भारत और जापान ने समकालीन सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए अपने रक्षा सहयोग को बढ़ाने के वास्ते शुक्रवार को एक व्यापक रूपरेखा पेश की। इस नयी रूपरेखा की घोषणा तोक्यो में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनके जापानी समकक्ष शिगेरू इशिबा के बीच हुई शिखर वार्ता के बाद की गई।

वार्ता में दोनों देशों के बीच विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी को महत्वपूर्ण रूप से विस्तारित करने पर ध्यान केंद्रित किया गया। रूपरेखा के तहत दोनों पक्षों ने वर्तमान और भावी सुरक्षा आवश्यकताओं के लिए सैन्य उपकरणों तथा प्रौद्योगिकी के सह-विकास एवं सह-उत्पादन की संभावनाएं खंगालने का भी संकल्प लिया।

संयुक्त बयान के मुताबिक, वार्ता में मोदी और इशिबा ने कानून के शासन पर आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था को कायम रखने का संकल्प लिया तथा एक स्वतंत्र एवं खुले हिंद-प्रशांत क्षेत्र के प्रति अपनी दृढ़ प्रतिबद्धता दोहराई, जो शांतिपूर्ण, समृद्ध और लचीला हो। बयान के अनुसार, दोनों नेताओं ने चार देशों की सदस्यता वाले क्वाड (चतुष्पक्षीय सुरक्षा संवाद) के एक महत्वपूर्ण एवं स्थायी क्षेत्रीय समूह के रूप में उभरने का स्वागत किया और इस साल के अंत में भारत में आयोजित किए जाने वाले समूह के अगले शिखर सम्मेलन को लेकर उत्सुकता जताई।

बयान में कहा गया है कि मोदी और इशिबा ने पूर्वी और दक्षिण चीन सागर की स्थिति पर गंभीर चिंता व्यक्त की। इसमें कहा गया है, दोनों नेताओं ने किसी भी ऐसी एकतरफा कार्रवाई के प्रति कड़ा विरोध दोहराया, जो सुरक्षा के साथ-साथ नौवहन और उड़ान की स्वतंत्रता को खतरे में डालती हो, तथा बल या दबाव के जरिये यथास्थिति को बदलने का प्रयास करती हो। बयान के मुताबिक, मोदी और इशिबा ने विवादित क्षेत्रों के सैन्यीकरण पर गंभीर चिंता जताई। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि समुद्री विवादों का समाधान शांतिपूर्ण ढंग से और अंतरराष्ट्रीय कानून, खास तौर पर समुद्री कानून पर संयुक्त राष्ट्र की संधि के अनुसार किया जाना चाहिए। मोदी ने मीडिया के लिए जारी बयान में कहा कि रक्षा और समुद्री सुरक्षा के क्षेत्र में दोनों पक्षों के साझा हित हैं। उन्होंने कहा, हमने रक्षा उद्योग और नवाचार के क्षेत्र में अपने सहयोग को संयुक्त रूप से और मजबूत करने का फैसला लिया है। रक्षा सहयोग की नयी रूपरेखा के तहत भारत और जापान ने अपने रक्षा बलों के बीच अंतर-संचालन और तालमेल को बढ़ावा देकर एक-दूसरे की रक्षा क्षमताओं में योगदान देने का निर्णय लिया है।

# दुर्लभ पांडुलिपियों के संरक्षण के लिए हर संभव सहयोग देगी प्रदेश सरकार : योगी आदित्यनाथ

संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार



लखनऊ, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय में स्थित राष्ट्रीय पांडुलिपि मिशन के अंतर्गत चल रहे संरक्षण कार्यों के निरीक्षण के लिए पहुंचे। यह उनका विश्वविद्यालय परिसर में तीसरा आगमन था। विश्वविद्यालय परिवार ने विद्यार्थियों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार और स्वस्तिवाचन के बीच मुख्यमंत्री का पारंपरिक रूप से स्वागत किया। कुलपति प्रो. बिहारी लाल शर्मा, कुलसचिव राकेश कुमार और वित्त अधिकारी सहित आचार्यों ने उनका अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री योगी ने दुर्लभ पांडुलिपियों एवं उनके संरक्षण कार्यों की प्रगति का सूक्ष्मता से अवलोकन किया और कार्यों की गति और तेज करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति की धरोहर इन पांडुलिपियों का संरक्षण एक सराहनीय कार्य है और इसके लिए उत्तर प्रदेश सरकार हरसंभव सहयोग प्रदान करेगी। योगी ने स्पष्ट किया कि सांस्कृतिक और आध्यात्मिक धरोहर को संरक्षित करना आने वाली पीढ़ियों का महत्वपूर्ण दायित्व है। मुख्यमंत्री ने विश्वविद्यालय के विस्तार भवन में भारत सरकार के सहयोग से राष्ट्रीय पांडुलिपि मिशन द्वारा चल रहे संरक्षण कार्यों की समीक्षा की। साथ ही उन्होंने ऐतिहासिक सरस्वती भवन पुस्तकालय और अन्य निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी भी ली। कुलपति प्रो. बिहारी लाल शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री का तीसरी बार विश्वविद्यालय आगमन होना संस्कृत भाषा, विश्वविद्यालय और देववाणी के लिए गौरव और हर्ष की बात है। उन्होंने आश्वस्त किया कि पांडुलिपियों के संरक्षण के इस अभियान को गति देने में विश्वविद्यालय पूरी तरह से तत्पर है।

## मौसम

अधिकतम तापमान 42.c

न्यूनतम तापमान 29.c

## बाजार

सोना 7,177/ g

चांदी 96/ g

सेंसेक्स 82,530.74

निफटी 25,062.10

## संक्षिप्त समाचार

### बिहार में निबंधित किरायानामा के प्रति बढ़ रही जागरूकता

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, बिहार में किरायानामा निबंधन को लेकर लोगों में जागरूकता बढ़ रही है। मकान मालिक और किरायेदार के बीच कानूनी समझौते के लिए यह जरूरी है। मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग के अनुसार, वर्ष 2018 से 2025 तक 4 हजार 811 लोगों ने किरायानामा निबंधित कराया है। पिछले कुछ वर्षों के आंकड़े को देखें, तो सबसे ज्यादा वर्ष 2023 में 842 लोगों ने निबंधन कराया है। विभागीय अधिकारी के मुताबिक, किरायानामा सभी तरह के आवासीय, व्यावसायिक या औद्योगिक भवनों के लिए किया जाता है। हालांकि, प्रदेश में आवासीय भवनों की तुलना में व्यावसायिक भवनों का किरायानामा अधिक होता है। आंकड़े बताते हैं कि वर्ष 2018 में 643, 2019 में 678, 2020 में 266, 2021 में 430, 2022 में 702, 2023 में 842, 2024 में 607 और 2025 में अब तक 643 किरायानामा दस्तावेजों का निबंधन हुआ है। निबंधन अधिनियम के प्रावधानों के तहत किराए पर दी जाने वाली संपत्ति का निबंधन अनिवार्य है। यह मकान मालिक और किरायेदार दोनों के हितों की रक्षा करता है। किरायानामा में दर्ज शर्तों का किरायेदार उल्लंघन नहीं कर सकता है। यदि ऐसा होता है तो किरायानामा को मकान मालिक, किरायेदार या दोनों की सहमति से रद्द किया जा सकता है। निबंधित किरायानामा एक प्रमाणित दस्तावेज के रूप में मान्य होता है। इसके लिए सरकार किराए के मूल्य का मात्र 0.5 प्रतिशत स्टाम्प शुल्क लेती है। यह सुविधा सभी जिलों के निबंधन कार्यालयों में और ऑनलाइन भी उपलब्ध है। निबंधन के लिए मकान मालिक और किरायेदार दोनों के आधार कार्ड या वोटर आईडी और फोटो अनिवार्य हैं।

# बच्ची से बलात्कार, हत्या के मामले में परोल पर रिहा होने के बाद फरार व्यक्ति गिरफ्तार

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार


नई दिल्ली, पुलिस ने 2007 में छह साल की बच्ची से बलात्कार और हत्या के मामले में फरार एक व्यक्ति को बिहार से गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पटना निवासी संजय उर्फ सुजॉय (40) नामक आरोपी को अक्टूबर 2007 में कापसहेड़ा में किए गए अपराध के लिए 2010 में आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली उच्च न्यायालय ने 2014 में उसकी दोषसिद्धि बरकरार रखी थी। जून 2021 में उसे परोल पर रिहा कर दिया गया और वह फिर कभी जेल नहीं लौटा। पुलिस उपायुक्त (अपराध) संजीव कुमार यादव ने बताया कि पुलिस को चकमा देने के लिए उसने अपना नाम संजय से बदलकर सुजॉय रख लिया और बिहार में अपने ठिकाने बदलता रहा। डीसीपी ने कहा, इस अवधि के दौरान, उसने कथित तौर पर अपना आपराधिक व्यवहार जारी रखा। 2021 में, वह पटना में एक पड़ोसी के घर में घुस गया और महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार करने के इरादे से उन पर हमला किया। उसके खिलाफ दीदारगंज पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया था। गुप्त सूचना के आधार पर, पुलिस की एक टीम पटना भेजी गई, जहां संजय को उसके ठिकाने से गिरफ्तार कर लिया गया।

# दुनिया में स्थायी दोस्त या दुश्मन नहीं, सिर्फ स्थायी हितः राजनाथ सिंह का अमेरिकी दबाव पर बेबाक जवाब, भारत रहेगा अडिग

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को कहा कि दुनिया में कोई स्थायी दोस्त या दुश्मन नहीं होता, बल्कि स्थायी हित होते हैं। यह बात उन्होंने डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ को लेकर भारत-अमेरिका तनाव और हाल के महीनों में चीन के साथ सुधरते संबंधों के बीच कही। ट्रंप द्वारा नई दिल्ली पर 50% टैरिफ लगाने का स्पष्ट संदर्भ देते हुए, राजनाथ ने कहा कि भारत की नीति, रणनीति और आत्मनिर्भरता अडिग रहेगी और देश किसी भी वैश्विक दबाव के बावजूद और भी मजबूती से उभरता रहेगा।

राजनाथ ने जोर देकर कहा कि भारत के किसानों और छोटे व्यापारियों के हित नरेंद्र मोदी सरकार के लिए सर्वोपरि हैं और सरकार इस पर कोई समझौता नहीं करेगी। एनडीटीवी डिफेंस समिट 2025 को संबोधित करते हुए राजनाथ ने कहा कि कोई स्थायी दोस्त या दुश्मन नहीं होता, केवल स्थायी हित होते हैं। भारत किसी को अपना दुश्मन नहीं मानता। हमारे किसानों और उद्यमियों का हित हमारे लिए सबसे महत्वपूर्ण है। भारत किसी को अपना दुश्मन नहीं मानता। हम किसी भी कीमत पर अपने देश के



कल्याण से समझौता नहीं कर सकते। चाहे कितना भी दबाव क्यों न डाला जाए, भारत अपने किसानों, छोटे व्यापारियों, दुकानदारों, पशुपालकों और आम नागरिकों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देता रहेगा।

रक्षा मंत्री ने आगे कहा, ₹हम सभी भूगोल में पढ़ते हैं कि जितना ज्यादा दबाव डाला जाता है, चट्टान उतनी ही मजबूत होती जाती है। मुझे लगता है कि भारत पर जितना ज्यादा दबाव डाला जाएगा, वह उतनी ही मजबूत चट्टान बनकर उभरेगा।₹ प्रधानमंत्री मोदी के बाद, वह सरकार में दूसरे मंत्री हैं जिन्होंने एक हफ़्ते के भीतर सार्वजनिक मंच पर दबाव के बारे में बात की है। हालाँकि, उन्होंने किसी देश का नाम लिए बिना, बल्कि स्पष्ट रूप से अमेरिका का ज़िक्र किया।

राजनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में, हमारी सरकार का हमेशा से यही मानना रहा है, कि आत्मनिर्भर भारत के माध्यम से ही हम अपनी रणनीतिक स्वायत्तता को मजबूत रख सकते हैं। यही दृष्टिकोण हमें आने वाले समय में सुरक्षित भी रखेगा और हमें दुनिया की उभरती शक्तियों में अग्रणी स्थान भी दिलाएगा। उन्होंने कहा कि भारत किसी को अपना दुश्मन नहीं मानता। लेकिन हमारे लिए अपने लोगों का, अपने किसानों का, अपने छोटे व्यापारियों का हित सबसे ऊपर है। हम किसी भी कीमत पर अपने देश के कल्याण के साथ समझौता नहीं कर सकते। चाहे कितना भी दबाव डाला जाय, भारत अपने किसानों, छोटे व्यवसायियों, दुकानदारों, पशुपालकों और आम नागरिकों के हितों को, सर्वोच्च प्राथमिकता देता रहेगा।

# राहुल की मतदाता अधिकार यात्रा में शामिल हुए अखिलेश

### अवध में भाजपा हारी, अब मगध में भी हारेगी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव शनिवार को बिहार के सारण में मतदाता अधिकार यात्रा के अंतिम चरण में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और राजद नेता तेजस्वी यादव के साथ शामिल हुए। उन्होंने कहा कि अवध की जनता ने बीजेपी को हटाया है, हमें उम्मीद है कि मगध के लोग भी भारतीय जनता पार्टी को हटाएंगे। उन्होंने कहा कि यूपी, बिहार के लोग पलायन कर रहे हैं। तेजस्वी जी ने यहां लाखों लाख नौकरी दी। बिहार की जनता को उनपर भरोसा है, अब बीजेपी का बिहार से पलायन होने जा रहा है।

सपा प्रमुख ने कहा कि आपने हमारे यूपी के मुख्यमंत्री को नहीं सुना क्या कभी? यह भारतीय जनता पार्टी हर एक का अपमान करती है। उन्होंने कहा कि मैं धन्यवाद देना चाहता हूं बिहार की जनता को कि वोटर अधिकार यात्रा को समर्थन दिया। भारतीय जनता पार्टी बिहार से बाहर होने जा रही है। सही मायने में यहां की जनता रकफ करने वाली है चुनाव आयोग का। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में लोकतंत्र की रक्षा के इस ऐतिहासिक आंदोलन में उनका स्वागत किया।

वेणुगोपाल ने एक्स पर पोस्ट किया कि आज सुबह, उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव जी सारण में मतदाता अधिकार यात्रा में शामिल हुए! लोकतंत्र की रक्षा के इस ऐतिहासिक आंदोलन में उनका स्वागत है। वह भाजपा द्वारा लोकतंत्र के विनाश के खिलाफ हमारी लड़ाई में एक दृढ़ सहयोगी और उत्तर प्रदेश तथा देश भर में गरीबों और वंचितों की एक मजबूत आवाज रहे हैं। आज इंडिया ब्लॉक की 'मतदाता अधिकार यात्रा' का दूसरा आखिरी दिन है, जिसका उद्देश्य मतदाता अधिकारों के बारे में जागरूकता बढ़ाना और कथित वोट चोरी और मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में कथित अनियमितताओं का विरोध करना है।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी और बिहार में महागठबंधन के अन्य नेताओं के नेतृत्व में मतदाता अधिकार यात्रा 1 सितंबर को पटना में एक मार्च के साथ अपने भव्य समापन पर पहुँचेगी। रैली के बजाय, यात्रा का समापन विरोध प्रदर्शन के दौरान विभिन्न स्थानों पर शीर्ष नेताओं द्वारा भीड़ को संबोधित करने के साथ होगा, क्योंकि पटना प्रशासन ने रैली की अनुमति नहीं दी थी।

# विवाह प्रमाण पत्र की अनुपलब्धता विवाह को अवैध नहीं बनाती : इलाहाबाद उच्च न्यायालय

संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार

लखनऊ, इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने अपने एक निर्णय में कहा है कि यह स्थापित कानून है कि विवाह प्रमाण पत्र, उस विवाह को साबित करने का एक साक्ष्य है लेकिन इस प्रमाण पत्र की अनुपलब्धता विवाह को अवैध नहीं बनाती है। इस टिप्पणी के साथ उच्च न्यायालय ने आजमगढ़ की परिवार अदालत के निर्णय को रद्द कर दिया। निचली अदालत ने विवाह पंजीकरण प्रमाण पत्र पेश करने से छूट देने का याचिकाकर्ता का आवेदन खारिज कर दिया था। सुनील दूबे नामक एक व्यक्ति की रिट याचिका स्वीकार करते हुए न्यायमूर्ति मनीष निगम ने कहा कि जब हिंदू विवाह अधिनियम, 1955 के प्रावधानों के अनुसार हिंदू विवाह संपन्न होता है, तब इस अधिनियम की धारा आठ(एक) के तहत विवाह के साक्ष्य के लिए राज्य सरकार को विवाह पंजीकरण के नियम बनाने का अधिकार है। उच्च न्यायालय ने 26 अगस्त के अपने निर्णय में कहा, लेकिन रजिस्टर में विवाह की प्रविष्टि कराने में विफल रहने की वजह से विवाह की वैधता प्रभावित नहीं होती है। वैसे तो राज्य सरकार विवाह के अनिवार्य पंजीकरण के लिए नियम बनाती है, लेकिन पंजीकरण के अभाव में विवाह को अवैध घोषित करने का नियम नहीं हो सकता।

# एनएच पर बेतरतीब वाहन चलाने वाले 1.73 लाख लोगों का 7 महीने में कटा चालान

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, सड़क दुर्घटना की सबसे प्रमुख कारणों में ओवर स्पीडिंग और नियमों की अनदेखी करना है। ट्रैफिक पुलिस के स्तर से की गई सघन जांच और बेतरतीब तरीके से वाहन चलाने वालों के खिलाफ की गई सख्त कार्रवाई की रिपोर्ट में यह खुलासा हुआ है। सिर्फ राज्य में मौजूद सभी राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच) पर इस वर्ष जनवरी से जुलाई तक यानी सिर्फ 7 महीने में नियमों की अनदेखी कर बेतरतीब तरीके से वाहन चलाने वाले 1 लाख 73 हजार 143 लोगों के चालान कटे, जिससे 26 करोड़ 27 लाख रुपये जुमार्ना के तौर पर वसूला गया। इसमें सबसे ज्यादा ओवरस्पीडिंग या निर्धारित गति से अधिक स्पीड पर वाहन चलाने की वजह से चालान काटे गए हैं। इसके अलावा सीट बेल्ट नहीं लगाने, गलत ओवरटेकिंग करने समेत ऐसे अन्य सड़क से जुड़े नियमों का पालन सही तरीके से नहीं करने की वजह से जुमार्ना देना पड़ा है। इन्हीं लापरवाहियों की वजह से सड़क हादसों की संख्या में इजाफा हो रहा है।

प्रमुख सड़कों खासकर एनएच पर सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए कई स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं। इस मामले में एडीजी (यातायात) सुधांशु कुमार का कहना है कि वर्ष 2030 तक सड़क दुर्घटनाओं की संख्या में 50 फीसदी तक की कमी करने का लक्ष्य रखा गया है। इसे लेकर कई स्तर पर सुधारात्मक प्रयास भी शुरू कर दिए गए हैं। तीन हजार किमी से अधिक लंबे एनएच पर पेट्रोलिंग करने के लिए आधुनिक सुविधाओं से युक्त पेट्रोलिंग वाहनों की तैनाती की गई है। इन पेट्रोलिंग वाहनों की मदद से ओवर स्पीडिंग वाले वाहनों की गति जांच करके चालाना काटने से लेकर अन्य ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाती है। ताकि एनएच पर दुर्घटनाओं को कम करने में मदद मिले। एडीजी सुधांशु कुमार ने बताया कि इन पेट्रोलिंग वाहनों में जीपीएस (ग्लोबल पोजेशनिंग सिस्टम) लगाए जा रहे हैं, जिससे यह पता चल सके कि कौन से वाहन किस इलाके में पेट्रोलिंग कर रहे हैं। अपनी सीमा से बाहर जाने वाले वाहनों को उचित निर्देश दिए जा सकें। जरूरत पड़ने पर ऐसे वाहनों को पटना मुख्यालय स्थित कमांड एंड कंट्रोल सेंटर से कमांड भेजकर बंद किया जा सके। जल्द ही ऐसे 58 और हाईवे पेट्रोलिंग वाहन इस खेमे में शामिल होने जा रहे हैं। इससे पूरे एनएच पर पेट्रोलिंग करने में काफी सहूलियत होगी। हर वाहन को पेट्रोलिंग करने के लिए एक निश्चित दूरी निर्धारित कर दी जाएगी, जिसका किसी को उल्लंघन नहीं करना होगा।

# जम्मू-कश्मीर में रामबन जिले के गांव में बादल फटने से चार लोगों की मौत, कई लोग लापता

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, अधिकारियों ने बताया कि शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर के रामबन ज़िले में बादल फटने से अचानक आई बाढ़ में चार लोगों की मौत हो गई और कम से कम चार अन्य लापता हो गए। अधिकारियों ने बताया कि जिला मुख्यालय से लगभग 25 किलोमीटर दूर स्थित पर्वतीय क्षेत्र राजगढ़ में शनिवार सुबह बादल फटने से अचानक बाढ़ आ गई। अधिकारियों ने बताया कि बचावकर्मियों को दो महिलाओं समेत तीन लोगों के शव मिले हैं। अधिकारियों के अनुसार, राजगढ़ क्षेत्र के ऊपरी इलाकों में भारी बारिश और बादल फटने से बाढ़ आई, जिससे कई घर बह गए और कई अन्य क्षतिग्रस्त हो गए। कुछ इमारतें पानी के तेज बहाव में पूरी तरह बह गईं। रामबन श्रीनगर से लगभग 136 किलोमीटर दूर स्थित है। स्थानीय अधिकारियों द्वारा लापता लोगों का पता लगाने और प्रभावित निवासियों की सहायता के लिए बचाव और राहत अभियान जारी है। जम्मू-कश्मीर में एक हफ़्ते से भारी बारिश हो रही है, नदियाँ उफान पर हैं, बाढ़ का पानी अपने रास्ते में आने वाली हर चीज को बहा ले जा रहा है और ढलानों से पत्थर, पेड़ और चट्टानें गिर रही हैं। जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग, जो 270 किलोमीटर लंबा जीवन रेखा है और घाटी को देश के बाकी हिस्सों से जोड़ने वाला एकमात्र बारहमासी मार्ग है, लगातार पाँचवें दिन भी बंद है। इस सप्ताह की शुरूआत में भारी बारिश और अचानक आई बाढ़ के कारण उधमपुर जिले के जखेनी और चेनानी के बीच हुए भूस्खलन के कारण 2,000 से ज्यादा वाहन फँस गए हैं। जम्मू क्षेत्र में नौ अंतर-ज़िला सड़कें भी भूस्खलन और कटाव के कारण बंद हैं। जम्मू, सांबा, कठुआ और उधमपुर के दर्जनों गाँव कई दिनों से लगातार हो रही बारिश के कारण अभी भी संपर्क से कटे हुए हैं। इस सप्ताह की शुरूआत में, जम्मू के कटरा में वैष्णो देवी मंदिर के पास हुए भूस्खलन में 31 लोगों की मौत हो गई और कई लापता हो गए। त्रिकुटा पहाड़ी पर स्थित माता वैष्णो देवी मंदिर का रास्ता तबाही के मंजर में बदल गया क्योंकि पहाड़ी के कुछ हिस्से टूट गए। तब से यात्रा स्थगित थी। मौसम विभाग ने पुंछ, रियासी, राजौरी, किश्तवाड़ और उधमपुर में शुक्रवार के लिए येलो अलर्ट जारी किया है और गरज के साथ बारिश और बिजली गिरने की चेतावनी दी है। शनिवार और रविवार के लिए पुंछ, किश्तवाड़, जम्मू, रामबन और उधमपुर में चेतावनी को ऑरेंज अलर्ट तक बढ़ा दिया गया है, जिससे भारी बारिश की संभावना का संकेत मिलता है।

# पंचायत चुनाव में मजबूती के साथ मैदान में उतरेगा रालोद - अनिल दुबे

अमन लेखनी समाचार




**लखनऊ ।** राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश कार्यालय, लखनऊ में आज पंचायत चुनाव की तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पंचायत चुनाव संचालन समिति के संयोजक एवं राष्ट्रीय सचिव डॉ. कुलदीप उज्ज्वल ने की।

बैठक में पंचायत चुनाव की रणनीति, संगठन की मजबूती तथा समिति के सदस्यों की जिम्मेदारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

बैठक को संबोधित करते हुए डॉ. कुलदीप उज्ज्वल ने कहा कि पंचायत चुनाव ही विधान सभा चुनाव का आधार होता है। यदि हम पंचायत स्तर पर मजबूत होंगे तो विधानसभा में भी सफलता निश्चित होगी। पंचायत चुनाव में हमें किसान, मजदूर, महिला, युवा और आम जनता का विश्वास जीतकर उनकी आवाज को ताकत देना है। राष्ट्रीय लोकदल गाँव-गाँव, बूथ-बूथ तक संगठन को सक्रिय करेगा। पंचायत चुनाव में हमारी ताकत ही भविष्य के बड़े चुनावों का मार्ग प्रशस्त करेगी।

उन्होंने आगे कहा कि पंचायत चुनाव केवल राजनीतिक प्रक्रिया नहीं बल्कि गाँवों की असली ताकत और लोकतंत्र की जड़ है। गाँव का विकास, किसानों की तरक्की, नौजवानों को अवसर और महिलाओं की भागीदारी झ इन सबकी नींव पंचायत से ही पड़ती है। रालोद इस बार पंचायत चुनाव को एक आंदोलन की तरह लड़ेगा और कार्यकर्ता गाँव-गाँव जाकर जनता से सीधा संवाद करेंगे।

मुख्य अतिथि अनिल दुबे, राष्ट्रीय महासचिव ने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल पंचायत चुनाव को पूरी ताकत के साथ लड़ेगा। पंचायत चुनाव रालोद की असली रीढ़ है और किसान, मजदूर, महिला तथा गाँव की खुशहाली के लिए पार्टी पूरे प्रदेश में अकेले चुनाव मैदान में उतरेगी।

बैठक में विशेष रूप से राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह के निदेर्शानुसार गठित पंचायत चुनाव संचालन समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

समिति में संयोजक डॉ. कुलदीप उज्ज्वल राष्ट्रीय सचिव तथा सदस्य रोहित प्रताप, मोहम्मद जैद, विकास कादियान, संतोष सिंह और हवलदार यादव शामिल रहे।

बैठक में यह तय किया गया कि प्रत्येक जनपद में पाँच सदस्यीय कमेटी गठित होगी। इन समितियों के गठन की जिम्मेदारी जिला अध्यक्षों को दी गई है और यह कार्य संबंधित क्षेत्रीय अध्यक्ष की निगरानी में होगा। प्रदेश स्तर पर गठित पंचायत चुनाव संचालन समिति इन कमेटियों की मॉनिटरिंग करेगी।

समितियाँ चुनाव लड़ने के इच्छुक लोगों का जमीनी स्तर पर आकलन करेंगी, उनके बायोडाटा एकत्रित कर परीक्षण करेंगी और उनमें से जिताऊ तथा पार्टी के प्रति निष्ठावान प्रत्याशियों का चयन किया जाएगा। प्रत्येक समिति में महिलाओं और सभी वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

बैठक में प्रमुख रूप से डॉ. दीपक तोमर, हवलदार यादव, रामपाल धामा, संगीता दोहरे, संतोष सिंह, दिलनवाज खान, कर्नल ब्रहमपाल सिंह तोमर, अंबुज पटेल, विकास कादियान, नरेंद्र सिंह खजूरी (सदस्य झ उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति एवं जनजाति आयोग), अमन पाण्डेय, परिणीता सिंह, इन्द्रवीर सिंह भाटी, रामसजीवन पटेल, पी.के. पाठक, शिवप्रसाद द्विवेदी एवं मोहम्मद जैद उपस्थित रहे।

मीटिंग में सभी नेताओं ने अपने सुझाव और विचार प्रस्तुत किए। अंत में पंचायत चुनाव संचालन समिति के संयोजक डॉ. कुलदीप उज्ज्वल ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय चौधरी जयंत सिंह के विचारों और सिद्धांतों को मजबूत करने के लिए हम सबको मिलकर काम करना होगा। आगामी 15 दिनों में जनपद स्तरीय समितियों के गठन का कार्य लगभग पूरा कर लिया जाएगा। इसके बाद प्रदेश समिति प्रत्येक जिले का दौरा करेगी और कार्यकताओं के साथ संवाद स्थापित करेगी।

# विदेश में रोड-शो कर निवेशकों को आकर्षित करेगी सरकार

### अंतरराष्ट्रीय निवेशकों के लिए बनेगा फॉरेन डेस्क

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। कार्यवाहक मुख्य सचिव दीपक कुमार ने इंवेस्ट यूपी कार्यालय में शनिवार को ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी, ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट और विदेश से निवेश आकर्षित करने के लिए किए जाने वाले रोड-शो की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि विदेश में होने वाले रोड-शो में लक्षित निवेशकों को आकर्षित करने के लिए विशेष रणनीतिक प्रयास किए जाएं। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को गति देने के लिए लाए जाने वाले 'सुगम्य व्यापार (प्राविधानों का संशोधन) विधेयक' पर भी चर्चा की। दीपक कुमार ने प्रमुख निवेश परियोजनाओं की प्रगति और आगामी ग्राउंड-ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी) की तैयारियों की जानकारी ली। अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी परियोजनाओं को तय समय से धरातल पर उतारा जाए। उन्होंने उद्योग संगठनों के साथ सक्रिय संवाद बनाए रखने और राज्य की नीतियों व प्रोत्साहन योजनाओं को और बेहतर बनाने की बात कही। इंवेस्ट यूपी को नियमित रूप से उच्चस्तरीय समीक्षा बैठकें आयोजित करने, अनुमोदन प्रक्रियाओं को बाधारहित व सरल बनाने के साथ 34 से अधिक क्षेत्र-विशिष्ट नीतियों को प्रभावी ढंग से लागू करने के निर्देश दिए। इन्वेस्ट यूपी के अधिकारियों ने उन्हें अवगत कराया कि रोड-शो की योजना दूतावासों और उद्योग संगठनों के सहयोग से बनाई जा रही है। हाई-लेवल एंपावर्ड कमेटी के माध्यम से हर महीने औसतन 10 लेटर ऑफ कंफर्ट (एलओसी) जारी किए जा रहे हैं। इस वर्ष अब तक 60 से अधिक एलओसी निवेशकों को जारी किए जा चुके हैं। प्रस्तुतीकरण के माध्यम से विभिन्न नीतियों के तहत दिए जाने वाले निवेश प्रोत्साहन, एसजीएसटी प्रतिपूर्ति और पूंजीगत सब्सिडी जैसी सुविधाओं का उल्लेख किया गया।

# अज्ञात युवकों ने मजदूर को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र में शुक्रवार शाम अज्ञात युवकों ने रास्ते में एक मजदूर की पिटाई कर दी। पीड़ित ने बंथरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। बंथरा के डेस्टिनी कॉलोनी निवासी सरद कुमार दुबे के मुताबिक शुक्रवार शाम करीब 6:30 बजे वह जब आर डिपो ऑफिस से लौट रहा था और थाने से लगभग 100 मीटर पहले पहुँचा, तभी पांच युवकों ने लाठी-डंडों से उस पर धावा बोल दिया। शरद का कहना है कि हमलावरों ने उसे जमीन पर गिराकर सिर पर वार किया और धमकियाँ भी दीं। अचानक हुए इस हमले में उसे गंभीर चोटें आईं। पीड़ित का कहना है कि आरोपियों को सामने आने पर वह पहचान सकता है। फिलहाल सूचना पाकर पुलिस ने पीड़ित का इलाज कराने के साथ उसकी तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के साथ पुलिस उनका सुराग लगाने में जुट गयी है।

# साइबर जालसाजों ने लिंक भेज कर 105000 रुपये की रकम करी पार

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनी नगर में बीते दिनों एक टेंट व्यवसायी को इंटरनेट के जरिए डॉक्टर का मोबाइल नंबर सर्च कर अपॉइंटमेंट लेना महंगा पड़ गया। नतीजा यह हुआ कि नेट पर मिले मोबाइल नंबर पर कॉल करने के बाद साइबर जालसाज ने अपॉइंटमेंट के लिए ऑनलाइन फॉर्म भरने की बात कह कर लिंक भेजा और उसे क्लिक करते ही पीड़ित के मोबाइल पर कई ओटीपी आए। बाद में उसके अकाउंट से तीन बार में 105000 रुपये निकल गए। पीड़ित को खुद के साथ ठगी होने की भनक लगी तो उसने इसकी सूचना साइबर सेल में देने के साथ ही सरोजनी नगर थाने में मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई है। सरोजनी नगर के फरुर्खाबाद चिल्लावां निवासी टेंट व्यवसायी मो. फुरकान के मुताबिक न्यूरोसर्जन डॉ. आलोक वर्मा का अपॉइंटमेंट लेने के लिए उसने बीती 20 अगस्त को इंटरनेट के जरिए डॉक्टर का नंबर सर्च किया। जहाँ सर्च करने पर मोबाइल नंबर 7003771709 प्राप्त हुआ। मो. फुरकान ने जब उस नंबर पर कॉल की तो उसे अपॉइंटमेंट लेने के लिए ऑनलाइन फॉर्म भरने की बात करते हुए पीड़ित के मोबाइल पर एक लिंक भेज दिया गया। पीड़ित ने जैसे ही लिंक पर क्लिक किया तो उसके मोबाइल पर कई ओटीपी आए और उसका मोबाइल हैक हो गया। पीड़ित का कहना है कि उसके बाद 22 और 23 अगस्त को तीन बार में उसके बैंक खाते से 105000 निकाल लिए गए। जब पीड़ित के मोबाइल पर रुपए निकालने का मैसेज आया तब उसे खुद के साथ ठगी होने की भनक लगी। इसके बाद मो. फुरकान ने इसकी सूचना साइबर सेल को दी। बाद में सरोजनी नगर थाने में मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई है। फिलहाल पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मोबाइल नंबर के आधार पर जालसाज का पता लगाने में जुट गई है।

# भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा ने प्रधानमंत्री को गाली देने के किया विरोध में किया प्रदर्शन

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा ने शनिवार को कांग्रेस और राजद की रैली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को गाली देने के विरोध में राजधानी लखनऊ में कांग्रेस मुख्यालय पर आक्रोश धरना देते हुए राहुल गांधी और कांग्रेस सहित विपक्ष दलों के अमर्यादित, असभ्य और निंदनीय भाषा का विरोध किया। बीते दिनों बिहार की धरती पर आयोजित कांग्रेस और राजद की रेली में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी जी और उनकी दिवंगत माताजी के लिए जिस तरह के अभद्र और शर्मनाक शब्दों का प्रयोग किया गया उसको लेकर आज प्रदेश अध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा व सांसद राज्यसभा गीता शाक्य जी के नेतृत्व में महिला मोर्चा ने वीवीआईपी गेस्ट हाउस से कांग्रेस कार्यालय तक ₹आक्रोश धरना₹ प्रदर्शन किया।

भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष गीता शाक्य ने कहा कि बिहार में कांग्रेस की रैली में प्रधानमंत्री जी की माता जी को गाली देना बिहार की सांस्कृतिक विरासत का अपमान है। उन्होंने कहा कि सत्ता की लालसा और मोदी जी से नफरत में विपक्ष अपनी सारी सीमाएं पार कर चुका है। दिनों दिन कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों की बौखलाहट उन्हें नीचिता की राजनीति की ओर धकेल रही है। बिहार चुनाव में लगातार महागठबंधन के मंच से प्रधानमंत्री जी के लिए अपशब्दों का बोला जाना, गाली गलौज करना। यह विपक्ष की चुनाव से पूर्व ही हार की हताशा है।

गीता शाक्य जी ने कहा राहुल गांधी को सार्वजनिक मंच से देश के प्रधानमंत्री और देश की सभी माताओं बहनों से माफी मांगनी चाहिए। देश के प्रधानमंत्री को गाली देने भले लोग राजनीति परंपराओं और मयार्दाओं को तार तार कर रहे है।

महिला मोर्चा ने वीवीआईपी गेस्ट हाउस से कांग्रेस कार्यालय तक मार्च किया जिसमें भारी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# ट्रेन की चपेट में आने से इंटर के छत्र की मौत, मचा कोहराम

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। बीते शुक्रवार शाम ट्रैक पर टहलने निकले युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत क्षत विक्षत अवस्था में युवक को देख स्टेशन मास्टर ने इसकी सूचना रहीमाबाद व जीआरपी पुलिस को दी सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।



मृतक शिवम फाइल - फोटो

हरदोई जनपद के थाना बघौली ग्राम कमालिया निवासी शिवम (20) शुक्रवार शाम रेलवे ट्रैक के किनारे टहलने निकला था। अचानक वह राजधानी एक्सप्रेस की चपेट में आ गया। काफी देर तक वापस न लौटने पर परिजनों ने आसपास काफी तलाश की लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल सका। देर रात पता चला कि रहीमाबाद थाना क्षेत्र के दिलावर नगर स्टेशन के पास ट्रेन की चपेट में आने से शिवम्की मौत हो गई। वहीं जीआरपी पुलिस ने शव की शिनाख्त कर परिजनों को सूचना दी। जीआरपी पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटनास्थल के पास से युवक का टूटा पड़ा मोबाइल फोन बरामद। गेटमैन पिता विमलेश ने बताया कि वह करीब दस सालों से परिवार के साथ दिलावर नगर में रेलवे की सरकारी कॉलोनी में रहता है। उसका बेटा अक्सर सुबह शाम टहलने के लिए रेलवे ट्रैक के किनारे निकल जाता था। बेटा पास के मनकौटी गांव में स्थित जावेद अली पब्लिक इंटर कॉलेज में इंटर का छात्र था। पिता विमलेश रेलवे विभाग में गेटमैन के पद पर कार्यरत है। जो गोस्वा दिलावर नगर फाटक पर ड्यूटी करते है। लोगों ने रेलवे से परिवार को मुआवजा दिलाने की मांग की है। मृतक के परिवार में माता सुशीला, दो बहनें विवाहिता अंजू, अविवाहित अंजली, भाई अंकित जिनका रो रोकर बुराहाल परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# लखनऊ सहित प्रदेश में पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। सरकार ने एक बार फिर साफ किया है कि प्रदेश में कहीं भी उर्वरकों की कोई कमी नहीं है। किसानों के लिए हर जगह पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध है। इस संबंध में कृषि विभाग की ओर से सभी 18 मंडलों में खाद की उपलब्धता व बिक्री की जानकारी भी नियमित रूप से जारी की जा रही है। कृषि विभाग के मुताबिक खरीफ सत्र में पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष अभी तक लगभग दोगुना खाद की बिक्री हुई है। पहली अप्रैल से 12 अगस्त 2025 तक जहां 29,52,305 मीट्रिक टन उर्वरक की बिक्री हुई है, वहीं पिछले वर्ष (2024) में इस अवधि में यह आंकड़ा 24,80,904 मीट्रिक टन था पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष अगस्त शुरूआत तक 4,71, 401 मीट्रिक टन अधिक बिक्री हो चुकी है। वहीं लखनऊ सहकारी बैंक सभापति वीरेंद्र प्रताप सिंह ने किसानों से अपील की है कि वे खाद का भंडारण न करें। जितनी आवश्यकता है, उतना ही खाद लें, जब-जब आवश्यकता हो तब-तब खाद लें। खाद बराबर मिलती रहेगी। हर जिले में शिकायत प्रकोष्ठ है। किसी भी परेशानी की स्थिति में प्रकोष्ठ को अवगत कराएं। उन्होंने उर्वरक की ओवररेटिंग, कालाबाजारी करने वालों को कड़ी चेतावनी भी दी है। उन्होंने कहा कि जिले और ब्लाक में तैनात अधिकारियों की देखरेख में हर ब्लॉक की सरकारी समिति, प्राइवेट दुकानों पर किसानों को खाद उपलब्ध कराई जा रही है। कहीं भी खाद की किल्लत नहीं है, हर जगह खाद पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है।

# पार्क में गंदगी देख नाराज हुए प्रभारी मंत्री, सफाई व्यवस्था को लेकर अधिकारियों के दिए सख्त निर्देश

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। सरोजनीनगर से भाजपा विधायक राजेश्वर सिंह द्वारा राजधानी की सफाई व्यवस्था पर नगर निगम को कठघरे में खड़ा करने के बाद वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री तथा लखनऊ के प्रभारी मंत्री सुरेश कुमार खन्ना शनिवार सुबह विभिन्न वार्डों का निरीक्षण करने निकले तो कई जगहों पर गंदगी मिली।

जोन दो के कुंवर ज्योति वार्ड में अटल पार्क में गंदगी और कूड़ा देख नाराजगी जताई। नालियों पर कई जगह अतिक्रमण भी मिला, जिस पर जुमार्ना लगाने के निर्देश दिए। पांच वार्डों में प्रभारी मंत्री ने सफाई व्यवस्था और दुरुस्त करने के साथ ही अतिक्रमण के खिलाफ सख्ती बरतने को कहा। इसके साथ ही उन्होंने अमीनाबाद में घंटाघर पार्क में पार्किंग बनाने और पार्कों में हरियाली बढ़ाने के निर्देश दिए। हाल ही में नगर निगम को स्वच्छता में अवार्ड मिला है इस लिहाज से गंदगी और अतिक्रमण मिलने से कई सवाल खड़े होते हैं। प्रभारी मंत्री रानी लक्ष्मीबाई वार्ड (अमीनाबाद घंटाघर पार्क), गणेशगंज वार्ड, लेबर कालोनी वार्ड, गोलागंज वार्ड एवं कुंवर ज्योति प्रसाद वार्ड गए, जहां उनके साथ महापौर सुषमा खर्कवाल और नगर आयुक्त गौरव कुमार सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद थे। प्रभारी मंत्री सबसे पहले रानी लक्ष्मीबाई वार्ड (अमीनाबाद घंटाघर पार्क) पहुंचे। उन्होंने पार्क एवं आसपास की खाली भूमि की साफ-सफाई, सड़क निर्माण के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को खाली पड़ी जमीन पर व्यवस्थित पार्किंग बनाने के निर्देश दिए। पार्क में पड़े जल निगम के पाइप एवं अन्य निर्माण सामग्री को तत्काल हटाने को कहा। उन्होंने कहा कि कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग भी की जाए। महापौर सुषमा खर्कवाल ने कहा कि एक सप्ताह बाद इस स्थल का पुनः निरीक्षण किया जाएगा। इसके बाद वह गणेशगंज वार्ड पहुंचे, जहां कई जगहों पर नालियां बंद होने से गंदगी मिली। मंत्री ने कहा कि जिन लोगों द्वारा नालियों पर अतिक्रमण कर बाधित किया गया है, उन पर जुमार्ना लगाया जाए। यहां से लेबर कालोनी वार्ड पहुंचे, जहां निरीक्षण के दौरान साफ सफाई व्यवस्था को और अधिक दुरुस्त करने को कहा। यहां से प्रभारी मंत्री जोन दो के कुंवर ज्योति प्रसाद वार्ड पहुंचे। वहां पर मेहंदी बेग खेड़ा के पास पार्क को व्यवस्थित करने और उसमें वृहद पौधारोपण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पौधारोपण कार्यक्रम में वह स्वयं भी उपस्थित होंगे। इसके लिए उन्होंने नौ सितंबर की तिथि निर्धारित की।

# 20 करोड़ रुपये की जीएसटी चोरी करने वालों पर शिकंजा, दर्ज हुआ मुकदमा

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। गुडंबा और माल में दो फर्मों ने 111 करोड़ रुपये का कारोबार कर 20 करोड़ रुपये की जीएसटी चोरी कर ली थी। जीएसटी के अधिकारियों ने माल और गुडंबा थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। दोनों मामलों में पुलिस ने फर्म से दस्तावेज उपलब्ध कराने के लिए कहा है। न देने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। राज्य कर विभाग के उपायुक्त वीरेंद्र कुमार मिश्र ने बताया कि खंड कार्यालय-14 के अंतर्गत आने वाले सेक्टर-जे जानकीपुरम जनेश्वर इंक्लेव अपार्टमेंट के पते पर जीएसटी में मेसर्स प्रदीप इंटरप्राइजेज का पंजीयन किया गया। पोर्टल पर फर्म के उपलब्ध अभिलेखों की जांच में पता चला कि पंजीयन के लिए दाखिल ऑनलाइन आवेदन में फर्म के स्वामी मुन्ना कनौजिया द्वारा स्थायी पते के प्रमाण पत्र के रूप में बिजली का बिल अपलोड किया था। बिल का यूपी पावर कारपोरेशन लिमिटेड की वेबसाइट पर सत्यापन करने पर अकाउंट नंबर फर्जी मिला। इससे साफ है कि जाली दस्तावेजों के आधार पर फर्म का पंजीयन प्राप्त किया गया। फर्म के खरीद/बिक्री के रिटर्न की जांच में पता चला कि फर्म ने 9822.63 लाख के माल की बिक्री घोषित करते हुए टैक्स 1800.41 लाख को आइटीसी के रूप में दूसरी फर्मों को पासआन किया है। साथ ही फर्म के पते पर कोई कारोबार नहीं मिला। वहीं, सहायक आयुक्त राज्य कर रामनरेश वर्मा ने बताया कि खंड कार्यालय- 18 के अंतर्गत आने वाले इब्राहिमपुर मलिहाबाद के पते पर रामकली इंटरप्राइजेज का पंजीयन किया गया। पोर्टल पर उपलब्ध अभिलेखों की जांच की गई। फर्म स्वामी रामकली द्वारा स्थाई पते के प्रमाण पत्र के रूप में अपलोड की गई खतौनी के मालिक से बात की गई तो पता चला कि किसी को भी दुकान नहीं दी है।

# किसान यूनियन तहसील मीडिया प्रभारी बने निखिल मिश्रा

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। मलिहाबाद अटेर निवासी निखिल मिश्रा को भारतीय किसान यूनियन लोकतांत्रिक अराजनैतिक का तहसील मीडिया प्रभारी बनाया गया है। और अंकित रावत को नेजाभरी ग्राम अध्यक्ष बनाए जाने पदाधिकारियों में खुशी की लहर है, भारतीय किसान यूनियन लोकतांत्रिक अराजनैतिक जिलाध्यक्ष लखनऊ अतुल कुमार ने प्रमाण पत्र देकर नवनियुक्त तहसील मीडिया प्रभारी को शुभकामनाएं प्रेषित कर बधाई दी। संगठन के प्रति मेहनत, लग्न और ईमानदारी से कार्य करने की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि वह अपने क्षेत्र में संगठन को मजबूत करने का कार्य करेंगे और किसान की छोटी से छोटी समस्या के लिए हर समय उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहेंगे। अंत में निखिल मिश्रा ने राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश सिंह चौहान सहित युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष राकेश अवस्थी दद्दू का आभार व्यक्त करते हुए उन्हें धन्यवाद देते हुए संगठन को मजबूत बनाने का विश्वास दिलाया। जिला मीडिया प्रभारी अमरेन्द्र सिंह चौहान के नेतृत्व में संगठन की सदस्यता ग्रहण की।

# रेलवे ट्रैक पर क्षत विक्षत मिला महिला का शव, शिनाख्त नहीं

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। रेलवे लाइन पर अज्ञात महिला का शव मिलने से हड़कंप मच गया। स्टेशन मास्टर ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने जीआरपी के साथ मौके पर पहुचंकर जांच पड़ताल की। काफी प्रयास के बाद भी मृतका की पहचान नहीं हो सकी। जीआरपी पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

मिली जानकारी के अनुसार रहीमाबाद स्टेशन के पास से गुजर रहे रेलवे ट्रैक का है। शनिवार शाम करीब 5 बजे स्टेशन मास्टर की सूचना मिली कि रहीमाबाद रेलवे स्टेशन के पास खंभा संख्या 1110/35 और 1110/33 के बीच रेलवे लाइन पर महिला का शव क्षत विक्षत अवस्था में पड़ा है। थोड़ी ही देर में मौके पर भीड़ जमा हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने घटनास्थल पर जांच पड़ताल की। आसपास लोगों से मृतक के बारे में पूछताछ की लेकिन शव की शिनाख्त नहीं हो सकी। मृतका महिला सफेद कलर के कपड़े पहन रखे थे। इस संबंध में रहीमाबाद थाना प्रभारी निरीक्षक आनंद द्विवेदी ने बताया कि रेलवे ट्रैक पर अज्ञात महिला उम्र करीब (40) वर्ष का शव मिला है। सोशल मीडिया के माध्यम से उसकी पहचान कराई जा रही है।

# ई पॉस मशीन से विक्रय की जगह खाद: तेग बहादुर सिंह

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। मलिहाबाद ब्लाक सभागार में शनिवार को जिला कृषि अधिकारी तेग बहादुर सिंह की अध्यक्षता में बीज विक्रय ऐप से संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में माल और मलिहाबाद क्षेत्र के बीज विक्रेताओं को सहायक विकास अधिकारी (कृषि) मानवेन्द्र सिंह द्वारा ऐप के माध्यम से बीज विक्रय की संपूर्ण प्रक्रिया एवं तकनीकी जानकारी विस्तार से प्रदान की गई। प्रशिक्षण में बताया गया कि किसान पैकेट पर अंकित क्यूअर कोड के माध्यम से बीज की सत्यता की जांच कर सकते हैं, वहीं विक्रेताओं को ऐप पर रजिस्ट्रेशन, इन्वेंट्री प्रबंधन और बिक्री प्रक्रिया पारदर्शी ढंग से करने की विधि समझाई गई।



बीज विक्रेताओं को संबोधित करते कृषि अधिकारी

इस दौरान जिला कृषि अधिकारी तेग बहादुर सिंह ने कहा कि खाद एवं बीज का विक्रय पूरी तरह से नियमों के अनुरूप होना चाहिए। उन्होंने सभी विक्रेताओं को निर्देश दिए कि किसानों को बीज और खाद की आपूर्ति उनकी खेतौनी के आधार पर तथा केवल ई पॉस मशीन के माध्यम से ही सुनिश्चित की जाए। इस मौके पर कृषि विभाग अधिकारी व बड़ी संख्या में क्षेत्रीय खाद/ बीज विक्रेता मौजूद रहे। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कृषि विभाग के अधिकारीगण एवं क्षेत्रीय बीज विक्रेता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### सीएचसी अधीक्षक को पत्र लिखकर एसडीएम ने मांगा स्पष्टीकरण

पुरवा, उन्नाव। मीडिया न्यूज में प्रकाशित खबर हे त्रिकाल दर्शी महादेव जागो, पुरवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अधीक्षक से मिलना भगवान से कठिन हो गया है₹ का संज्ञान लेते हुए एसडीएम प्रमेश श्रीवास्तव ने सीएचसी अधीक्षक को पत्र लिखकर स्पष्टीकरण मांगा है। उन्होंने पत्र में लिखा है कि जबसे आपने कार्यभार संभाला है तबसे आपके दर्शन आम जनमानस के लिए दुर्लभ हैं। आपके न मिलने से सीएचसी के डाक्टरों का कहना है कि इंजेक्शन लगाना हमारे वसूल में नहीं है। आखिर यह मरीज अपना दर्द लेकर जाएं तो कहां जाएं? एसडीएम ने अधीक्षक को पत्र लिखकर उचित कार्यवाही करते हुए अवगत कराने हेतु निर्देशित किया।

### साइकिल सवार छात्र को बाइक सवार ने मारी टक्कर, घायल

उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र में शनिवार की दोपहर साइकिल सवार छात्र को बाइक चालक ने टक्कर मार दी जिससे छात्र गभींर रुप से घायल हो गया जिसे इलाज के लिए मियागंज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिय खानपुर पीर अली गांव निवासी संतोष का बेटा शिवा मियागंज कस्बा स्थिति एक बिधालय में कक्षा नौ का छात्र है शनिवार बिधालय से छुट्टी के बाद साइकिल से घर जा रहा था इसी बीच कटरा गांव के पास पीछे से आ रहे अनियंत्रित बाइक चालक ने टक्कर मार दी जिससे वह गभीर रूप से घायल हो गया जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया दुर्घटना के बाद चालक बाइक सहित मौके से भाग निकला।

### खेत जा रहे युवक को दबंगो ने लाठी डंडों से जमकर पीटा

सफीपुर, उन्नाव। मांखी थाना क्षेत्र के पवई गांव निवासी गोविंद कुमार ने पुलिस को दी गयी तहरीर में आरोप लगाया कि शनिवार की सुबह वह खेत पर फसल देखने के लिए जा रहा था इसी बीच गांव निवासी अरुण उर्फ भइया लाल ने पुरानी रंजिश की खुन्नस के चलते रास्ते में रोक लिया और गाली-गलौज करने लगा बिरोध किया तो डंडे और धारदार हथियार से हमला कर दिया जिससे सर फट गया इस सम्बंध में थाना प्रभारी योगेश कुमार सिंह का कहना है कि मारपीट की घटना में एक व्यक्ति घायल हो गया है जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### दबंगो ने युवक के साथ की मारपीट, दर्ज हुआ मुकदमा

उन्नाव। खेत गए युवक को रंजिशन घेरकर मारपीट गाली गलौज के साथ जान लेवा हमला करने वाले के पांच लोगों के विरुद्ध पुलिस ने मारपीट समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। अचलगंज थाना क्षेत्र के करौदी निवासी धर्म सिंह यादव ने पुलिस को शिकायतीपत्र दिया है कि वह शुक्रवार की सुबह अपने खेत पर गया था तभी गांव के पड़ोसी इंद्रजीत, रज्जन, लवकेश ने पुरानी रंजिश में गाड़ाबंदी कर लाठी डंडों से मारा पीटा तथा सर पर कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला किया। किसी प्रकार भाग कर जान बचाने में सफल रहे। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर गांव के ही इंद्रजीत, सज्जन, लवकेश, अमित, ललित के विरुद्ध अभियोग दर्ज किया है।

# कृषि विज्ञान केन्द्र, में हस्तशिल्प कला द्वारा उद्यमिता विकास पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न

**अमन लेखनी समाचार**



हसनगंज, उन्नाव। कृषि विज्ञान केन्द्र, धौरा में तीन दिवसीय हस्तशिल्प कला द्वारा उद्यमिता विकास विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जो कि दिनांक 28 अगस्त से 30 अगस्त को सम्पन्न हुआ। जैसा कि विदित है कृषि विज्ञान केन्द्र, धौरा, के द्वारा ग्रामीण स्वरोजगार सृजन हेतु विभिन्न विषयों पर समय-समय पर कौशल परक प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। डॉ0 अर्चना सिंह, वैज्ञानिक, कृषि विज्ञान केन्द्र, धौरा, उन्नाव बताती हैं कि उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में उन लाभार्थियों को चयनित किया गया था। जो पूर्व में सिलाई, कढ़ाई आदि का प्रशिक्षण केन्द्र के द्वारा प्राप्त कर चुकी हैं तथा हस्तशिल्प कार्य में संलग्न हैं। डॉ0 सिंह बताती हैं कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लाभार्थियों को स्वरोजगार की कड़ी से जोड़ना है। इस कार्यक्रम में लाभार्थियों को ग्रामीण कारीगर के रूप में पंजीकृत करने की विस्तृत जानकारी दी गयी ताकि लाभार्थी ग्रामीण कारीगर के रूप पंजीकृत होकर रूरल आर्टीजन कार्ड प्राप्त कर सकें एवं अपने उत्पादों को बाजार तक पहुँचाने में सरकार की योजनाओं का लाभ ले सकें। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सतेन्द्र सिंह, एम0टी0एस0, कार्यालय विकास आयुक्त हस्तशिल्प लखनऊ उपस्थित रहे, उन्होंने लाभार्थियों को बताया कि जो लोग हस्तशिल्प का कार्य कर रहे हैं वह भारत सरकार की वेबसाइट में लॉगिन करके रूरल आर्टीजन कार्ड हेतु आवेदन कर सकते हैं। कार्ड धारकों के लिए भारत एवं प्रदेश सरकार द्वारा समय-समय पर प्रदर्शनी का आयोजन किया जाता है जिसके माध्यम से शिल्पकार अपने उत्पादों को विक्रय कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त जिला उद्यम कार्यालय द्वारा भी सहायता प्रदान की जाती है। उन्होंने यह भी बताया कि शिल्पकारों को प्रोत्साहन देने हेतु प्रतिवर्ष राष्ट्रीय, राज्य एवं जिला स्तर पर पुरस्कार कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाता है जिसमें विजेता लाभार्थियों को प्रोत्साहन धनराशि प्रदान की जाती है। कार्यक्रम कुल 37 लाभार्थियों ने प्रतिभाग किया जो कि उन्नाव जिले के 5 विकास खण्डों से आये थीं। यह कार्यक्रम अनुसूचित जाति/उपजाति परियोजना के अन्तर्गत आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केन्द्र,के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं हेड डॉ0 ए0के0 सिंह, वैज्ञानिक डॉ0 अर्चना सिंह, रत्ना सहाय, डॉ0 धीरज कुमार तिवारी, इंजी0 रमेश चन्द्र मौर्य, सुनील सिंह एवं डॉ0 जय कुमार यादव ने लाभार्थियों को उद्यमिता विकास में कृषि के विभिन्न आयामों पर जानकारी दी। कार्यक्रम में डॉ0 विनीता सिंह, शान्तनु सिंह, रोहित पटेल, शुभम आदि उपस्थित रहे ।

# पद्म भूषण साहित्यकार बाबू भगवती चरण वर्मा की 122वीं जयंती का आयोजन

**अमन लेखनी समाचार**



सफीपुर, उन्नाव। कस्बा में जन्मे पद्म भूषण साहित्यकार बाबू भगवती चरण वर्मा जी की 122वीं जयंती के अवसर पर विचार गोष्ठी एवं कवि गोष्ठी व सम्मान समारोह का आयोजन कस्बा स्थित बाबू भगवती चरण वर्मा पार्क में अर्चना परिषद के तत्वाधान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत अर्चना परिषद के अध्यक्ष एवं नगर अध्यक्ष प्रतिनिधि सौरभ बाजपेयी उर्फ राजा बेटा एवं अर्चना परिषद के संरक्षक एव पूर्व प्रवक्ता दिवाकर द्विवेदी, नागेन्द्र सिंह सेंगर, शिव बक्स सिंह मिनकीपुर धाम के महत रामस्वरूप ब्रम्हचारी महराज सहित मौजूद लोगों ने माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर तथा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरूआत की। कार्यक्रम में अर्चना परिषद के अध्यक्ष ने बाबू भगवती चरण वर्मा के जीवन पर प्रकाश डालते हुये बताया कि इनके पिता देवी चरण वर्मा पेशे के वकालत करते थे व कानपुर से आकर सफीपुर में रहने लगे यही पर 30 अगस्त 1903 को बाबू भगवती चरण वर्मा ने जन्म लिया जिन्होनें कानपुर विश्वविद्यालय से अपनी शिक्षा पूरी की एवं पत्रकारिता क्षेत्र से जुड गये बाद में एक समाचार पत्र के सम्पादक भी रहे इसके बाद इन्होने साहित्य लिखना शुरू किया वही अर्चना परिषद के संरक्षक दिवाकर द्विवेदी ने भव्य कार्यकम के लिये सभी का आभार व्यक्त किया वही कवि गोष्ठी ने कवियों ने मा शारद वंदना तथा ओज व वीर रस के कविताओं को लोगों को सुनाकर उनको वीरता का एहसास कराया। कवि डा० शशी रंजना ने अपनी कविता की पंक्तिया ₹ठान में उर्वरा घरा अपनी भगवती जी जन्म यही लेंगे₹ सुनायी तो पाडाल तालियों की गडगडाहट से गूंज उठा वही ओज कवि प्रमोद कुशवाहा ने ₹उंचे उठो भले पर मानवता बनाये रखना भाई से अपने मधुरम रिश्ता बनाये रखना₹ ने सुनायी वही विश्वनाथ तिवारी विश्व ने कार्यक्रम का संचालन करते हुये कई बार ओज पंक्तियां मौजूद लोगों को सुनायी तथा अंत में ₹पा पाती प्रिय की सखी उर से लेत लगाये पढ़ चुमे चुमे पढ़े बार-बार मुस्कायें₹ सुनाया वही अन्य कवियों ने विनय विप्र, रियाज सफीपुरी शिव सागर उन्नावी ओम प्रकाश मिश्र आदि कवियों ने काव्य पाठ किया। इस अवसर पर कलमकार समाजसेवी, अधिवक्ता, चिकित्सक एवं शिक्षकों को सम्मानित भी किया गया।

# तालाब के पानी में डूबने से युवक की मौत



**अमन लेखनी समाचार**

सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बारासगवर अन्तर्गत एक युवक की तालाब में डूब जाने से मौत हो गयी।। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। थाना क्षेत्र के मनीखेड़ा निवासी अतुल सिंह पुत्र राजबिहारी उम्र 30 वर्ष की दिमागी हालात गाँव वालों के अनुसार ठीक नही थी। वह अक्सर घर से भाग जाया करता था। शुक्रवार शाम 8 बजे के बाद वह घर से कही निकल गया। परिजनों के द्वारा खोजने पर कही पता नही चला। शनिवार शुबह उसका शव जब घर के पास स्थित तालाब में उतराता दिखा गाँव मे हड़कंप मच गया । परिजनो ने बिना पुलिस को सूचना दिए अंतिम संस्कार कर दिया। दिवंगत चार भाइयों में तीसरे नम्बर का था। चार बहनों की शादी हो चुकी है। बड़े भाई मुन्ना व बृजेन्द्र जबकि छोटा भाई नकुल अपने भाई के शव देख बेहाल हो गए। थाना प्रभारी धर्मेंद्र नाथ मिश्रा ने बताया परिजनों द्वारा कोई सूचना प्राप्त नही हुई है। सूचना मिलने पर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

# एस डी एम ने परिषदीय विद्यालय का किया निरीक्षण

**अमन लेखनी समाचार**



पुरवा, उन्नाव। एसडीएम ने परिषदीय स्कूलों का निरीक्षण किया और उचित दिशा निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने शैक्षणिक गुणवत्ता को भी परखा। स्थानीय विकास खण्ड के प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालय रामा अमरापुर का औचक निरीक्षण शनिवार को उपजिलाधिकारी प्रमेश श्रीवास्तव ने किया। प्राथमिक विद्यालय में नामांकित छात्र संख्या 70 के सापेक्ष 62 छात्र उपस्थित थे जबकि प्रधान शिक्षक समेत सभी पांच शिक्षक उपस्थित रहे। मध्यान्ह भोजन मेन्यू के अनुसार सब्जी-चावल बनवाया गया था। एसडीएम ने छात्रों से गणित के जोड़-घटाना के प्रश्नों को हल कराया जिसे छात्रों ने बखूबी हल किया। विद्यालय परिसर की इंटरलाकिंग खराब होने पर खण्ड विकास अधिकारी को पत्र जारी कर उचित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। जबकि उच्च प्राथमिक स्कूल में 64 छात्रों के सापेक्ष 47 उपस्थित थे और एक अनुदेशक उपस्थित मिले जबकि इंचार्ज शिक्षिका अनुपस्थित थी। परिसर में घास व गंदगी हटाने के लिए बीडीओ को निर्देशित किया। साथ ही तीन कक्षाओं पर मात्र एक शिक्षक की नियुक्ति अपर्याप्त मानते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को और शिक्षक नियुक्त करने के लिए पत्र लिखा। एसडीएम प्रमेश श्रीवास्तव ने बताया कि उक्त प्राथमिक विद्यालय में लगभग सब ठीक पाया गया। दोनों स्कूलों में गंदगी व घास की सफाई कराने के लिए बीडीओ को निर्देशित किया।

# रेलवे पटरी के किनारे मिला महिला का शव ,पति पर लगा हत्या का आरोप

**अमन लेखनी समाचार**

उन्नाव। अचलगंज थाना क्षेत्र में एक महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान 39 वर्षीय मंजू के रूप में हुई है। उसका शव शुक्रवार देर रात अचलगंज रेलवे पटरी के किनारे मिला। मंजू के परिजनों ने उसके पति गणेश पर हत्या का आरोप लगाया है। परिवार का कहना है कि गणेश शराब का आदी था। वह नशे में अक्सर मंजू के साथ मारपीट और गाली-गलौज करता था।



शुक्रवार रात भी दोनों के बीच विवाद हुआ। आरोप है कि गणेश ने मंजू की पिटाई की और उसका शव रेलवे पटरी के पास फेंक दिया। मृतका के परिजन न्याय की मांग कर रहे मंजू की शादी गणेश से 18 साल पहले हुई थी। गणेश मजदूरी करता है। दो साल पहले मंजू पति की प्रताड़ना से परेशान होकर अपने मायके ज्ञान खेड़ा चली गई थी। छह महीने पहले गणेश ने सुधरने का वादा कर उसे वापस बुला लिया। लेकिन स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ। सुबह जब ग्रामीणों ने शव देखा तो पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। मृतका के परिजन न्याय कीमांग कर रहे हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# जिला बदर अपराधी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**अमन लेखनी समाचार**




असोहा, उन्नाव। जिला बदर अपराधी चढ़ा पुलिस के हत्थे पुलिस ने भेजा जेल चेकिंग करते समय जामा तलाशी में 12 बोर देसी तमंचा व एक कारतूस बरामद। जानकारी के मुताबिक कालूखेड़ा चौकी प्रभारी मृत्युंजय बहादुर हमराहों के साथ चेकिंग कर रहे थे तभी रहमान पुत्र सफीकुल उम्र लगभग 26 वर्ष निवासी बरौली थाना असोहा जोरावरगंज की तरफ जाने वाली सड़क पर पुलिस ने 29/30 की रात्रि चेकिंग के दौरान समय करीब 1:45 बजे रहमान पुत्र सफीकुल के पास से एक देसी तमंचा व एक कारतूस मिला पकड़ा गया अपराधी न्यायालय से वंचित था पुलिस उसे थाने में ले गई गिरफ्तारी और बरामदगी के आधार पर मुकदमा संख्या 169/25 धारा 3/25 आर्मक्ट तथा 3/10 उ.प्र. गुंडा नियंत्रण अधिनियम 1970 पंजीकृत किया गया गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# विद्युत करंट की चपेट से किशोरी की मौत

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में अपनी बड़ी बहन के घर पर रह रही 11 वर्षीय किशोरी विद्युत करंट की चपेट में आ गई परिजन उसे सीएचसी लेकर आए जहां पर मौजूद डॉ ने उसे मृत घोषित कर दिया मृतक किशोरी की बहन ने बताया कि पढ़ाई के लिए मेरे पास रह रही थी माता पिता को घटना की सूचना दे दी गई है

जनपद लखनऊ के थाना पारा क्षेत्र राम जी शुक्ला की बड़ी पुत्री शालिनी का विवाह सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के मवई ब्रह्मनान निवासी पवन के साथ हुई है जहां पर राम जी छोटी पुत्री टिवंकल 11 वर्ष पढ़ाई ले लिए अपनी बहन के यहां रहने लगी जो कक्षा 5 की छात्रा थी शनिवार की शाम को वो घर में लगे समरसेबल से पानी भरने लगी उसमें उतरे करंट की चपेट में आ गई परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सफीपुर लेकर आए जहां पर मौजूद डॉ ने टिवंकल को मृत घोषित कर दिया मौत की खबर सुनते ही परिजनो में चीख पुकार मच गई मृतक की बहन ने बताया कि माता आशा भाई गोलू व पिता को घटना की सूचना दे दी गई है उनके आने के बाद ही पुलिस को सूचना दी जाएगी।

# खाद की समस्या किसान परेशान केन्द्रों में लग रही लंबी लाइनें

**अमन लेखनी समाचार**

बीघापुर, उन्नाव। खरीफ की फसल में यूरिया की टॉप ड्रेसिंग के लिए खाद केन्द्रों में खाद का स्टॉक समय से नहीं होने के कारण किसानों को समस्याएं पैदा हो रही तहसील बीघापुर मुख्यालय पाटन क्षेत्र में खाद केन्द्रों में खाद की उपलब्धता नहीं होने के कारण खरीफ फसलों में किसान टॉप ड्रेसिंग करने के लिए समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं जिन केंद्रों में खाद पहुंचती है वहां पर खाद के लिए महिलाओं व पुरुषों की लंबी-लंबी लाइन पहले से ही लग जाती है खाद केन्द्रों ने निर्धारित किया है की एक बीघे में एक ही बोरी यूरिया खाद दी जाएगी वहीं जिन किसानों को खाद लेनी है वह अपनी खतौनी व आधार कार्ड लेकर समय से केंद्रों में पहुंचे उपलब्ध कारण उपलब्ध हो समय से आए जैसे ही पता चलता है कि खाद केन्द्रों में यूरिया खाद आई है पहले से ही वहां पर अपना आधार कार्ड खतौनी लेकर के किसान पहुंच जाता है किसानों को खाद बीज पानी समय से नहीं मिल पाएगा तो किसान भारत देश कैसे कृषि प्रधान देश कहलाएगा किसानों की समस्याओं को शासन से लेकर जन प्रतिनिधियों को ध्यान देना चाहिए।




# संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे पर लटकता मिला युवती का शव

**अमन लेखनी समाचार**



उन्नाव। मांखी थाना क्षेत्र में अज्ञात कारणों के चलते युवती ने घर के अंदर साडी का फंदा बना कर फासी लगा ली दोपहर खेत से घर पहुंचे परिजनों ने शव लटकते देखा तो चीख पुकार मच गयी घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्यवाही करते हुए पीएम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया मृतका के परिजनों ने किसी तरह का कोई आरोप नही लगाया है पुलिस पीएम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की बात कह रही है। रुपऊ गांव निवासी हरिश्चंद्र शनिवार की सुबह फसल देखने खेत पर गया था जबकि माँ रामपती मवेशियों के लिए छोटी बेटी शिवांशी व मयंक के साथ चारा लेने गयी थी इसी बीच शिवानी 18 ने घर के अंदर साडी का बना कर फासी लगा ली दोपहर मां घर पहुंची तो बेटी का शव लटकते देख चीख कर बाहर निकली जिस पर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और पुलिस को घटना की सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतारा और आवश्यक कार्यवाही करते हुए शव पीएम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया मृतका दो भाई दो बहनों के बीच दूसरे स्थान पर थी बड़ा भाई सचिन पूना में काम करता है छोटी बहन शिवांशी और सबसे छोटा मयंक है इस सम्बंध में थाना प्रभारी योगेश कुमार सिंह ने बताया कि मृतका के परिजनों द्वारा अभी कोई आरोप नही लगाया गया है शव पीएम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया है पीएम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# आखिर परिषदीय दिव्यांग शिक्षकों को उच्च न्यायालय के आदेश पर मिला हक

**अमन लेखनी समाचार**

उन्नाव। विकासखंड सिकंदरपुर सरोसी के ग्राम पंचायत परियर के सैदापुर मे तैनात शिक्षक सुरेंद्र कुमार तिवारी ने 2019से अपने हक संशोधित शासनादेश के अनुरूप यात्रा भत्ता एक हजार रुपए मासिक प्राप्त करने के लिए बार बार बेसिक शिक्षा विभाग कार्यालय के चक्कर लगाने वाले शिक्षकों को अंततः सफलता मिल गई है और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संगीता सिंह ने सुरेन्द्र कुमार एवं 40अन्य शिक्षकों को संशोधित दर से यात्रा भत्ता देने का आदेश जारी कर दिया है इससे पहले इन सभी लाभार्थी शिक्षकों ने अपना अधिकार न मिलने पर उच्च न्यायालय लखनऊ की शरण ली और जनवरी 2025 में फैसला याचीगणों के पक्ष में आया परन्तु लगभग 7माह बाद भी इनका हक जब इन दिव्यांग शिक्षकों न मिलता दिखा तो ये पुनः अवमानना याचिका को लेकर उच्च न्यायालय लखनऊ खंडपीठ पहुंच गए। इस पर माननीय उच्च न्यायालय ने सख्त रुख अपनाते हुए नोटिस जारी कर विभाग से संबंधित प्रकरण पर जानकारी मांगी तो जनपद के उन सभी दिव्यांग शिक्षकों को संशोधित दर एक हजार रुपए मासिक यात्रा भत्ता देने का आदेश जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा जारी कर दिया गया है। इस पर सभी शिक्षकों ने प्रसन्नता व्यक्त की है ।अभी देखना यह भी शेष है कि क्या बेसिक शिक्षा विभाग उन दिव्यांग शिक्षकों के प्रति भी संजीदगी से कार्य करेगा जो माननीय उच्च न्यायालय नहीं गये थे ।क्या उनको भी दिव्यांग यात्रा भत्ता प्राप्त कराया जायेगा ।

# पोल्ट्री फार्म की बदबू से परेशान ग्रामीणों ने डीएम को दिया शिकायत पत्र

**अमन लेखनी समाचार**

उन्नाव आसीवन थाना क्षेत्र के रहीमा बाद गांव के सैकड़ों ग्रामीणों द्वारा डीएम को दिए गए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया गया है कि गांव के पास कुछ समय पहले अत्तन मियां काफी बड़ा पोल्ट्री फार्म खोला था जिसके कारण दुर्गंध फैल रही है और बाहर निकलना मुश्किल हो जाता है साथ ही मक्खियों का प्रकोप बढ गया है जिससे संक्रमण फैल रहा है और लोग बीमार हो रहे हैं पोल्ट्री मालिक को लिखित में ग्रामीणों द्वारा समस्या से अवगत कराया गया लेकिन उसने कोई उपाय नहीं किया जिसके हसनगंज तहसील में प्रार्थना पत्र दिया गया इसके बावजूद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई जिस पर शनिवार डीएम को सैकड़ों ग्रामीणों द्वारा प्रार्थना पत्र दिया गया और गांव के पास से पोल्ट्री फार्म हटाए जाने की मांग की गयी है ग्रामीणों में गोकुल, राजेंद्र, महावीर, अशोक, रज्जन, अनिकेत, नीरज, कमलेश, बिक्रम सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण पहुंचे

# टोल प्लाजा पर सर्वर समस्या वाहनों की लगी लंबी लाइन



**अमन लेखनी समाचार**

हसनगंज, उन्नाव। लखनऊ आगरा एक्सप्रेसवे रेवरी टोल प्लाजा पर सर्वर डाउन होने की वजह से वाहनों की लंबी 3 किलोमीटर की कतार लग गई जिससे वाहनों को टोल का शुल्क काटने में घंटों इंतजार करना पड़ा। लखनऊ आगरा एक्सप्रेसवे हसनगंज बार्डर रेवरी टोल प्लाजा पर शुक्रवार की बीती रात 9 बजे सर्वर डाउन होने की वजह से एक्सप्रेसवे के दोनों तरफ तीन किलोमीटर तक वाहनों की लंबी-लंबी कतारे लग गई। जिससे कई वीआईपी सहित एम्बुलेंस की गाड़ी फसी रही जिससे राहगीरों को को दिक्कतों का सामना करना पड़ा, टोल मैनेजर नितिन कुमार ने बताया कि सर्वर डाउन होने की वजह से दिक्कते आई थी जो 2 घंटे बाद सर्वर सही होने पर जाम से निजात मिल गया था।

# भ्रष्टाचार के खिलाफ 9 सभासदों ने खोला मोर्चा, शांतिपूर्ण किया प्रदर्शन

**अमन लेखनी समाचार**

उन्नाव। नगर पंचायत अचलगंज में शनिवार को सभासदों ने भ्रष्टाचार और वित्तीय अनियमितताओं के खिलाफ धरना दिया। कुल 15 में से 9 सभासदों ने नगर पंचायत परिसर में शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया। सभासदों का कहना है कि पिछले तीन सालों से अधिकारी और अध्यक्ष बिना बजट पास कराए करोड़ों रुपए के काम करवा रहे हैं। इससे पारदर्शिता समाप्त हो गई है। वित्तीय नियमों की अनदेखी की जा रही है। विकास कार्यों के नाम पर धन खर्च किया जा रहा है। सभासदों ने आरोप लगाया कि कार्यों की गुणवत्ता खराब है। ठेकेदारों को बिना टेंडर प्रक्रिया के भुगतान किया जा रहा है। नगर की सड़कें खराब हैं। नालियों की सफाई नहीं हो रही है। कूड़ा प्रबंधन ठप है। प्रदर्शनकारी सभासदों ने शासन-प्रशासन से सभी कार्यों की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। उन्होंने पिछले तीन वर्षों के बजट और वित्तीय लेनदेन का ब्यौरा सार्वजनिक करने को कहा है। सभासदों ने चेतावनी दी है कि मांगें न मानी गईं तो जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन करेंगे। जरूरत पड़ी तो लखनऊ तक आंदोलन करेंगे। सभासदों ने साफ कहा कि जनता के धन की लूट बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस शांतिपूर्ण धरने के दौरान पुलिस बल भी मौके पर तैनात रहा ताकि स्थिति नियंत्रण में रहे। नायब तहसीलदार धीरज त्रिपाठी भी मौके पर पहुंचे उनकी समस्या को सुना है।

# विद्युत विभाग में तैनात बाबू पर लगा भ्रष्टाचार का आरोप

**अमन लेखनी समाचार**

उन्नाव। बिजली विभाग के अधिशासी अभियंता विधुत वितरण खण्ड तृतीय पुरवा उन्नाव में बाबू विशाल सोनी पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगे हैं। आरोप है कि विशाल सोनी वर्कआर्डर में कई फर्म के साथ मिलकर ठेकेदारी कर रहा है और अनियमितता के साथ उनका भला कर रहा है। इसके अलावा, स्थानीय ठेकेदारों से बिल भुगतान के नाम पर उगाही करने और धन न दिए जाने पर बिल न पास करने की धमकी देने के आरोप भी लगे हैं। आरोपों की जांच की मांगआरोप लगाने वाले प्रार्थी ने उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड के अध्यक्ष से मांग की है कि ऐसे भ्रष्ट बाबू विशाल सोनी पर उचित कार्यवाही करने की गुहार लगाई है। आरोप लगाने वाले ने अपनी शिकायत की प्रतिलिपि मुख्य अभियंता रायबरेली, अधीक्षण अभियंता विधुत वितरण मण्डल उन्नाव और अधिशासी अभियंता विधुत वितरण खण्ड पुरवा उन्नाव को भी भेजी है। भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई करना आवश्यक है ताकि सरकारी विभागों में पारदर्शिता और जवाबदेही बनी रहे। यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो विशाल सोनी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए।

## सम्पादकीय

# डोनाल्ड ट्रंप को बड़ा झटका देगी उनकी टैरिफ नीति

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन की नापाक साजिशें धीरे-धीरे खुलकर सामने आ रही हैं। ट्रंप ने दो बार में भारत के निर्यात पर 50 फीसदी टैरिफ यह कहते हुए लगा दिया कि भारत रूस से तेल खरीदकर उसे आर्थिक संबल दे रहा है, जिसके बल पर रूस यूक्रेन पर हमले कर रहा है। उसने भारत पर 50% टैरिफ लगा दिया है ताकि वह रूसी तेल की खरीद रोक दे। जबकि अमेरिका खुद पर्दे के पीछे रूस से सौदेबाजी करने में जुटा है। यह अमेरिका की फूट डालकर राज करने की साजिश का ही एक हिस्सा है। अगर अमेरिकी सच में रूस के आर्थिक लाभ को खत्म करना चाहता तो उसे भारत से पहले चीन पर कार्रवाई करनी थी। जो भारत से ज्यादा तेल रूस से खरीद रहा है, लेकिन अमेरिका ने ऐसा नहीं किया। क्योंकि वो दोनों हाथों में लड्डू रखने की रणनीति पर चल रहा है। एक तरफ तो वो चीन को नाराज नहीं करना चाहता, वहीं दूसरी तरफ रूस से भी सौदेबाजी कर रहा है। अमेरिका गुप्त रूप से रूस के साथ ऊर्जा सौदों पर बात कर रहा है। बहाना तो ये है कि ये बातचीत यूक्रेन में शांति स्थापित करने के लिए हो रही थी। इसमें एक्सॉनमोबिल का रूस के सखालिन-एक तेल और गैस प्रोजेक्ट में फिर से शामिल होना शामिल है। रूस की ओर से अमेरिकी उपकरणों को अपनी एलएनजी परियोजनाओं के लिए खरीदने की संभावना बताई जा रही है। अमेरिकी अधिकारी कुछ प्रतिबंधों को कम करके क्रेमलिन को शांति के लिए सहमत करने के तरीके खोज रहे हैं। एक समझौते में अमेरिका की ओर से रूस से परमाणु-संचालित आइसब्रेकर जहाजों को खरीदना भी शामिल है। फरवरी 2022 में यूक्रेन पर आक्रमण के बाद अमेरिका ने रूस के ऊर्जा क्षेत्र पर प्रतिबंध लगा दिए थे। इससे रूस अंतरराष्ट्रीय निवेश से कट गया था। लेकिन, अमेरिका के अधिकारी रूस को शांति के लिए मनाने के लिए कुछ प्रतिबंधों को हटाने के बारे में सोच रहे हैं। असल में अमेरिका रूस-यूक्रेन युद्ध में भी अपना आर्थिक फायदा देख रहा है। उसे लग रहा है कि शांति स्थापना के नाम पर वो मोटा फायदा ले सकता है। भारत ने तो टैरिफ के ऐलान के बाद ही कह दिया था कि अमेरिका पाखंड कर रहा है। विदेश मंत्रालय का कहना था कि यह ताज्जुब की बात है कि जो देश भारत की आलोचना कर रहे हैं, वे खुद रूस के साथ व्यापार कर रहे हैं। भारत ने वाशिंगटन को याद दिलाया कि वह भी रूस से यूरेनियम और पैलेडियम जैसे उत्पाद खरीदता है। भारत ने यह भी कहा कि 2024 में यूरोपीय संघ का रूस के साथ 67.5 अरब यूरो का द्विपक्षीय व्यापार था। वहीं, अमेरिका रूस से यूरेनियम हेक्साफ्लोराइड, पैलेडियम, उर्वरक और रसायन का आयात जारी रखे हुए है। तस्वीर शीशे की तरह साफ है कि भारत पर टैरिफ लगाने के पीछे अमेरिका की मंशा रूस-यूक्रेन युद्ध न होकर केवल और केवल अपना स्वार्थ है। वो अपना उल्लू सीधा करने की कोशिशों में लगा है, लेकिन इस रणनीति में उसे मुंह की खानी पड़ सकती है। एक तो अमेरिका में महंगाई बढ़ने का खतरा मंडरा रहा है, दूसरा अमेरिका के इस स्वार्थ के चलते भारत-चीन नजदीक आ रहे हैं। ट्रंप ने तकनीक के मामले में चीन को पछाड़ने के लिए और अमेरिका को ग्लोबल लीडर बनाने के लिए एआई एक्शन प्लान की घोषणा की थी। अब चीन को ऐसे टाइम पर भारत के समर्थन की जरूरत है। चीन चाहता है कि इस टेक वॉर में भारत उसका साथ दे। अब खबरें आ रही हैं कि भारत चीन का बाहर से समर्थन कर सकता है। यह अमेरिका के लिए बहुत बड़ा झटका होगा।



आर्थिकी

डॉ. जयंतीलाल भंडारी

> अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत पर 50 फीसदी टैरिफ लागू कर दिया गया है, वहीं दूसरी ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि कोई चाहे कितना भी दबाव डाले, आत्मनिर्भर भारत झुकने वाला नहीं है। मोदी ने कहा कि देश के छोटे उद्योगों, किसानों और पशुपालकों के हित सर्वोपरि हैं और उनके आर्थिक हितों पर रणनीतिपूर्वक ध्यान दिया जाएगा। उम्मीद करें कि भारत पर लगाए गए 50 फीसदी टैरिफ की चुनौती से मुकाबले के लिए सरकार निर्यातकों को नई निर्यात प्रोत्साहन योजना की छतरी प्रदान करेगी और रणनीतिक कदमों से एमएसएमई को सहारा देते हुए अमेरिकी टैरिफ की चुनौतियों का सफलतापूर्वक मुकाबला करते हुए दिखाई देगी।

# निर्यात से निकलेगा टैरिफ का तोड़

एक ओर जब 27 अगस्त से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के द्वारा भारत पर 50 फीसदी टैरिफ लागू कर दिया गया है, वहीं दूसरी ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि कोई चाहे कितना भी दबाव डाले, आत्मनिर्भर भारत झुकने वाला नहीं है। मोदी ने कहा कि देश के छोटे उद्योगों, किसानों व पशुपालकों के हित सर्वोपरि हैं और उनके आर्थिक हितों पर रणनीतिपूर्वक ध्यान दिया जाएगा। सभी के द्वारा स्वदेशी को जीवन मंत्र बनाना होगा। इसी परिप्रेक्ष्य में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि अमेरिकी टैरिफ से देश की आर्थिक वृद्धि प्रभावित होने पर केंद्रीय बैंक नीतिगत उपाय कर सकता है। साथ ही भारत ने निर्यातकों को सहारा देने की नई रणनीति सुनिश्चित की है। उल्लेखनीय है कि ट्रंप की ओर से भारतीय उत्पादों पर लगाए गए टैरिफ से अमेरिका को भारत से होने वाले वस्तु निर्यात का करीब 55 फ़ीसदी यानी करीब 48 अरब का निर्यात प्रभावित हो सकता है। पिछले वित्त वर्ष 2024- 25 में भारत ने अपने कुल निर्यात का पांचवां हिस्सा यानी करीब 86.5 अरब डालर मूल्य की वस्तुओं का अमेरिका को निर्यात किया था। ऐसे में भारत के निर्यातकों के सामने मुश्किलें खड़ी होती हुई दिखाई दे रही हैं। खासतौर से देश के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) से संबंधित निर्यात पर भारी असर पड़ने का परिदृश्य उभरकर दिखाई दे रहा है।

स्थिति यह है कि कपड़ा, रत्न, रसायन, खाद्य प्रसंस्करण, झींगा, हस्तशिल्प और चमड़ा जैसे क्षेत्रों को ऊंचे टैरिफ से भारी नुकसान होने की आशंका है। अमेरिकी खरीदार भारत के लिए अपने निर्यात आदेशों को भी बदलने के संकेत दे रहे हैं। ऐसे में बढ़े हुए टैरिफ से एमएसएमई की चुनौतियों से बड़ी संख्या में नौकरियाँ भी खतरे में पड़ गई हैं। गौरतलब है कि ट्रंप टैरिफ से निर्मित चुनौतियों से निपटने के लिए सरकार रणनीतिपूर्वक आगे बढ़ रही है। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि इस समय देश के पास मौजूद आर्थिक अनुकूलताएं देश की आर्थिक ताकत बन गई हैं। देश में ऊंचाई छूती घरेलू खपत से घरेलू बाजार मजबूत बना हुआ है। जीएसटी कलेक्शन बढ़ रहा है। महंगाई भी नियंत्रित है। इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास दिखाई दे रहा है। वैश्विक रेटिंग एजेंसियां भारत की अर्थव्यवस्था पर भरोसा जता रही हैं। निर्यातकों के समक्ष उपस्थित निर्यात चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए देश के वाणिज्यिक बैंक ब्याज दरों में छूट, कर्ज भुगतान करने के लचीले विकल्प प्रदान कर रहे हैं और निर्यात बीमा एवं ऋण गारंटी योजनाएं ज्यादा सुगमता से उपलब्ध करा रहे हैं। वे नए-नए निर्यात बाजारों में जाने के लिए प्रोत्साहित करने के इरादे से कार्यशालाएं भी आयोजित कर रहे हैं। केंद्र सरकार बजट में घोषित निर्यात संवर्धन मिशन के तहत वर्ष 2031 तक के लिए निर्यातकों को लगभग 25,000 करोड़ रुपये की सहायता प्रदान करने वाले उपायों पर विचार कर रही है। इसका मुख्य उद्देश्य निर्यातकों को आसान और किफायती ऋण उपलब्ध कराना है। ये उपाय भारतीय निर्यातकों को अमेरिकी टैरिफ से उत्पन्न होने वाली वैश्विक व्यापार अनिश्चितताओं से बचाने में मदद कर सकते हैं। इसके साथ-साथ बैंकिंग क्षेत्र में उच्च स्तर पर निर्यात प्रधान उद्योगों को कार्यशील पूंजी व ऋण आसानी से उपलब्ध कराने तथा ब्याज में छूट देने के साथ



विभिन्न तरह के प्रशासनिक शुल्क जैसे लोन प्रॉसेसिंग, फॉरेक्स हैंडलिंग और कलेक्शन शुल्क से छूट देने पर भी विचार किया जा रहा है, जिससे प्रभावित व्यवसायों की परिचालन लागत में कमी आ सके। निश्चित रूप से एमएसएमई निर्यातकों के समक्ष डिजिटल ढांचा, कुशल श्रमिक, बाजार पहुंच, फंडिंग की कमी टेक्नोलॉजी, सप्लाई चेन, डेटा सुरक्षा और स्किल डेवलपमेंट की चुनौतियां भी खड़ी हुई हैं। आईटी सेक्टर से जुड़े स्टार्टअप्स के समक्ष व्यावहारिक मार्गदर्शन, एक्सेस और प्रारंभिक निवेश की चुनौती है। खाद्य प्रसंस्करण जैसे उद्यमों में खराब तकनीक और कमजोर लॉजिस्टिक व्यवस्था के कारण गुणवत्ता में कमी की चुनौती है। ऊर्जा की अनियमित आपूर्ति और बड़ी कंपनियों से भुगतान में देरी एमएसएमई के विकास में बड़ी बाधा हैं।

उल्लेखनीय है कि एमएसएमई क्षेत्र की देश में उत्पादन, निर्यात और रोजगार में अहम भूमिका है। हाल ही में राज्यसभा में एमएसएमई मंत्री ने बताया कि देश में इस समय पंजीकृत 6.5 करोड़ एमएसएमई करीब 28 करोड़ लोगों को रोजगार देते हैं। देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में एमएसएमई का योगदान करीब 30.1 फीसदी है। देश के एमएसएमई विनिर्माण में 35.4 फीसदी और निर्यात में 45.73 फीसदी योगदान दे रहे हैं। निश्चित रूप से अब इस समय तेज विकास की रणनीति के तहत तेजी से आकार ले रहे भारत के एफटीए में जिस तरह एमएसएमई के हितों को अधिक महत्व दिया जा रहा है, उससे देश के एमएसएमई के लिए नई वैश्विक संभावनाएं भी उभरकर दिखाई दे रही हैं। निसंदेह एमएसएमई के समक्ष ऊंचे टैरिफ से निर्मित निर्यात सहित बहुआयामी चिंताओं को दूर करने हेतु मौजूदा वित्त वर्ष 2025-26 के बजट में में एमएसएमई सेक्टर को मजबूत करने के उद्देश्य से बहुआयामी उपायों की जो एक वृहद श्रृंखला प्रस्तुत की गई है, उसके क्रियान्वयन पर तेजी से आगे बढ़ना होगा। इसके तहत वित्तीय सहायता और खरीद नीतियों से लेकर क्षमता निर्माण और बाजार एकीकरण तक की पहले शामिल हैं।

उद्योगों का विस्तार करने और दक्षता में सुधार करने में मदद करने के लिए, एमएसएमई वर्गीकरण के लिए निवेश और टर्नओवर सीमा बढ़ा दी गई है। चालू वित्त वर्ष 2025-26 में एमएसएमई को दिए जाने वाले कर्ज का लक्ष्य पिछले वर्ष की तुलना में करीब 20 फीसदी बढ़ाकर सुनिश्चित किया गया है। टैरिफ तूफान के बीच एमएसएमई की क्षमताओं को उन्नत करने, संचालन को सुव्यवस्थित करने तथा निर्यात झटके से निपटने के लिए एमएसएमई को नीतिगत समर्थन का लाभ दिया जाना होगा। इस बात पर भी ध्यान दिया जाना होगा कि बुनियादी ढांचे की मजबूती, अधिक लॉजिस्टिक्स सुविधाएं, कम ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराया जाने, ब्याज समतुल्य योजना को फिर से शुरू किए जाने तथा ऋण गारंटी कार्यक्रमों का विस्तार करने जैसे उपायों से एमएसएमई को वित्तीय राहत और स्थिरता प्रदान करनी होगी। एमएसएमई के हित में उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन (पीएलआई) योजनाओं का विस्तार किए जाने से विशेष रूप से निर्यात-उन्मुख एमएसएमई लाभांवित होंगे। इस बात पर भी ध्यान केंद्रित करना होगा कि भारत के एमएसएमई गुणवत्ता को मुठ्ठी में लेकर समकालीन डिजिटल तकनीकों को अपनाते हुए वैश्विक बाजार में अपनी प्रतिस्पर्धात्मक शक्ति को रणनीतिक रूप से बढ़ा सकते हैं। उम्मीद करें कि भारत पर लगाए गए 50 फीसदी टैरिफ की चुनौती से मुकाबले के लिए सरकार निर्यातकों को नई निर्यात प्रोत्साहन योजना की छतरी प्रदान करेगी और रणनीतिक कदमों से एमएसएमई को सहारा देते हुए अमेरिकी टैरिफ की चुनौतियों का सफलतापूर्वक मुकाबला करते हुए दिखाई देगी।

## विमर्श

सोनम लववंशी



# दहेज हत्या : बेटियों की चिता पर खड़ा समाज !

ग्रेटर नोएडा की निक्की भाटी की कथित निर्मम हत्या की खबर किसी एक परिवार की त्रासदी भर नहीं है, बल्कि यह पूरे समाज की चेतना को झकझोरने वाली घटना है। यह सिर्फ दहेज और घरेलू हिंसा की एक और वारदात नहीं, ये उस अंधकार का चेहरा है जो हमारी सभ्यता और संस्कृति की परतों में छिपा हुआ है। सवाल सिर्फ एक बेटी के जीवन पर नहीं, सवाल उस सोच पर है, जिसने बेटियों को आज भी वस्तु बना दिया है। यह घटना हमें आईना दिखाती है कि लंबे समय से चले आ रहे दहेज-प्रथा विरोधी कानूनों, महिला सशक्तिकरण के नारों और सामाजिक सुधार के दावों के बावजूद हमारी बेटियां अब भी सुरक्षित नहीं हैं। निक्की और उसकी बहन की शादी साल 2016 में एक ही घर में हुई थी। तब से दोनों पर लगातार दहेज का दबाव बनाया जा रहा था। पति-पत्नी के रिश्ते को समाज अक्सर 'निजी मामला' मानकर चुप्पी साध लेता है, लेकिन जब यह चुप्पी किसी की जान ले ले, तब यह सिर्फ निजी मामला नहीं रह जाता, बल्कि पूरे समाज पर प्रश्नचिह्न बनकर खड़ा हो जाता है। निक्की के पति ने पहले भी मारपीट और हिंसा की, यहां तक कि कुछ महीने पहले के उसके वायरल वीडियो तक सामने आए। लेकिन यह सब जानने के बाद भी निक्की को उसके मायके वालों ने बार-बार यही समझाया कि घर-गृहस्थी की बात घर में ही ठीक कर लो, समाज में बाहर मत लाओ। यही सोच अंततः उसे कब्र तक पहुंचा गई। आंकड़े बताते हैं कि यह त्रासदी अपवाद नहीं है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के अनुसार भारत में हर साल हज़ारों महिलाएं दहेज के कारण अपनी जान गंवाती हैं। वर्ष 2020 में देशभर में 6966 दहेज हत्या के मामले दर्ज हुए, 2021 में लगभग 6700 और 2022 में भी 6500 से अधिक मामले सामने आए। ये वे आंकड़े हैं, जो तमाम संकोच और दकियानूसी सोच की दीवारों को तोड़कर सामने आ पाते हैं। वरना कितने ऐसे मामले होते हैं जो घर की चारदीवारी में ही कैद रहकर दर्द के बेइंतहा हो जाने का इंतजार करते हैं। जब तक किसी लड़की की स्थिति निक्की जैसी न हो जाए। भारतीय न्याय संहिता की धारा 80 में दहेज हत्या के लिए न्यूनतम सात वर्ष से लेकर आजीवन कारावास तक का प्रावधान है, लेकिन न्याय की धीमी प्रक्रिया, लंबी मुकदमेबाजी, गवाहों पर दबाव और समझौते की मजबूरी के चलते न्याय की धार अक्सर कुंद हो जाती है। आंकड़ों के अनुसार, 2022 में जितने केस लंबित थे, उनमें से केवल 2 प्रतिशत मामलों में ही दोषसिद्धि हो सके। यह आंकड़ा न सिर्फ न्याय-प्रणाली की धीमी चाल को बयान करता है, बल्कि अपराधियों के हौसले भी बुलंद करता है। हमारे समाज में अब भी यह सोच गहरे पैठ कर गई है कि लड़की एक बार ससुराल चली जाए तो वहीं की होकर रह जाती है। यही सोच बेटियों को बार-बार अपने ही घर में घुटने पर मजबूर करती है। निक्की ने अपने पिता और भाई के डर को समझा, अपने मायके के टूटने की चिंता में वर्षों तक यातना सही। लेकिन अंततः उसका जीवन समाप्त हो गया। यहां सवाल यह है कि जब शिक्षा और आधुनिकता की बातें हर मंच पर हो रही हैं, तब भी समाज का यह पिछड़ा और अमानवीय चेहरा क्यों बरकरार है? सरकारें 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' जैसी योजनाएं चलाती हैं, लेकिन जब तक बेटियों की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं की जाती, तब तक कोई भी योजना अधूरी है। निक्की जैसी घटनाएं बताती हैं कि हमें सिर्फ नारे लगाने से आगे बढ़कर कठोर और निष्पक्ष कार्रवाई की ज़रूरत है। हर बार जब किसी बेटी की हत्या होती है या उसे दहेज की आग में झोंक दिया जाता है, तो समाज कुछ दिनों तक आक्रोश जताता है। अखबारों की सुर्खियां बनती हैं, टीवी पर बहस होती है, सोशल मीडिया पर सहानुभूति उमड़ती है। लेकिन कुछ ही समय बाद यह सब भूलकर हम अपने-अपने जीवन में व्यस्त हो जाते हैं। यही भूलना अपराधियों को और निर्भीक बनाता है। बेटियों की सुरक्षा सिर्फ कानून से नहीं, समाज की मानसिकता बदलने से होगी। हमें यह स्वीकार करना होगा कि बेटियां बोझ नहीं, हमारे अस्तित्व की शक्ति हैं। उन्हें चुप कराने के बजाय आवाज़ देने की ज़रूरत है। वह सिर्फ एक बेटी नहीं थी, वह एक चेतावनी थी, एक पुकार थी।

# आध्यात्मिक चेतना आखिर क्या है?



संकलित

दर्शन

आज मनुष्य अत्यधिक भौतिकवादी तथा लालची हो गया है। बलिदान, त्याग, संतोष, प्रज्ञा, चिंतन-मनन, मुक्ति और मोक्ष जैसे शब्द हमारे शब्दकोश से धीरे-धीरे लुप्त होते जा रहे हैं, जो कि आध्यात्मिक मूल्यों के द्योतक रहे हैं। व्यापक उपभोगवादी संस्कृति तथा भोग-विलास से पोषित भौतिकवाद की नई उभरी संस्कृति ने आध्यात्मिक चेतना पर पर्दा डाल दिया है। धन-अर्जन, सत्ता तथा प्रसिद्धि की लालसा और सुखवादी जीवन-प्रणाली आज जीवन का परम लक्ष्य है। सभी धर्मों ने लालच को महापाप कहा है, परंतु आज लालच ही मुख्य प्रेरणा-द्वार है। ऋषि-मुनि आध्यात्मिक मूल्यों को सर्वोच्च महत्व देते हैं। हिंदू धर्म के आध्यात्मिक मूल्यों का अनुक्रम है-धर्म, अर्थ, काम तथा मोक्ष। अर्थ तथा काम संसारिक मूल्य हैं, जबकि धर्म तथा मोक्ष आध्यात्मिक मूल्य हैं, परंतु धर्म का स्थान सर्वदा प्रथम है। यह अर्थ तथा काम दोनों का प्रेरक तथा नियंत्रक है। जीवन के हिंदू दृष्टिकोण के अनुसार, सात्विक सर्वाधिक ऊंचा आदर्श है। इसके बाद राजसी का स्थान है, जो एक आदर्श नहीं, परंतु सामाजिक आवश्यकता है। तामसिक सबसे अधिक अपमानजनक वृत्ति है, जिससे सभी बुद्धिमान दूर रहते हैं। मनु की पद्धति में सतत्व को न्याय की संज्ञा दी गई है, राजस को आकांक्षा की तथा तमस को इच्छाओं की। महापुरुषों ने चिंतन-मनन को मनुष्य के परम आनंद के रूप में देखा। आंतरिक शांति तथा आध्यात्मिक ज्ञान के लिए समर्पित जीवन ही मानव गतिविधियों का सर्वोत्तम रूप है।

# काम शुरू करने से महत्वपूर्ण है काम करते रहना




संकलित

प्रेरणा

एक प्राचीन कथा के मुताबिक, ब्रह्मा और विष्णु ने शिवलिंग के मस्तक और पैरों की खोज शुरू की। ब्रह्मा को शिव का मस्तक ढूंढने का और विष्णु को शिव के पैर ढूंढने का कार्य सौंपा गया। सभी देवता इसके आरंभ और अंत के विषय में जानने के लिए उत्सुक थे। ब्रह्मा ने अपनी यात्रा आरंभ की और वे आगे बढ़ते गए। कई लोक पीछे छूट गए और कई युग बीत गए। फिर भी ब्रह्मा शिव के मस्तक का पता नहीं लगा पाए। सृष्टि का एक अंत है। सृजन एक बिंदु पर समाप्त होता है। ब्रह्मा ने अपनी यात्रा उसके बाद भी जारी रखी। उन्होंने एक केतकी का पुष्प देखा जो आकाश से नीचे आ रहा था। ब्रह्मा ने केतकी पुष्प से पूछा, 'तुम कहां से आ रहे हो? क्या तुमने शिव का मस्तक देखा है? यहां से शिव का मस्तक कितनी दूर है?' केतकी पुष्प ने कहा, 'मैं शिव के मस्तक से आ रहा हूं।' तो ब्रह्मा ने निष्कर्ष निकाला कि शिव का एक मस्तक था और वे पुष्प लेकर नीचे आए। विष्णु का कार्य शिव के पैरों की खोज करना था। ऐसा कहा जाता है कि विष्णु बहुत विनम्र हैं। पालनकर्ता को हमेशा बहुत विनम्र होना चाहिए। रचयिता जैसा भी हो, यदि पालनकर्ता विनम्र हो, तभी पालन कार्य संभव है। व्यवसाय आरंभ करना कोई बड़ी बात नहीं है, लेकिन आपको व्यवसाय चलाने के लिए बहुत सतर्क, बहुत विनम्र रहना पड़ेगा, अन्यथा व्यापार डूब जाएगा। विष्णु की विनम्रता ने ही उन्हें शिव के चरणों को ढूंढने का कार्य करने योग्य बनाया। युगों तक यात्रा करने के बाद, विष्णु शिव के चरणों को ढूंढने में सक्षम नहीं हुए।

## अंधेरी चा राजा



महाराष्ट्र के मुंबई में अंधेरी के वीरा देसाई रोड पर बुधवार को गणेश चतुर्थी उत्सव के दौरान भगवान गणेश की मूर्ति, 'अंधेरी चा राजा'।

## आज की पाती

### विज्ञान की भी अपनी सीमाएं हैं

वैसे तो विज्ञान ने हर असंभव को संभव बनाने के लिए बहुत काम किया है और काफी हद तक सफल भी हुआ है। मानव को आज हर सुविधा और आराम उपलब्ध है, परंतु न तो कैंसर जैसे असाध्य रोग की अचूक औषधि खोज पाया और न ही ऐसी दवाई ही खोजी जो मनुष्य को सदैव स्वस्थ और बुढ़ापे के लक्षणों से सदा के लिए निजात दिला सके। यह बात लगेगी सभी को बेतुकी और प्रलाप मात्र, पर यह यक्ष प्रश्न है, जिसके समक्ष आकाश की खोज खबर लेने वाला मानव असहाय दिखता है। यह वैज्ञानिकों को एक खुली चुनौती है। भले ही हरिद्वार के इम्युनोट के वैज्ञानिकों ने प्राचीन भारतीय आयुर्वेद को इस कार्य करने में सक्षम कहा है। लेकिन संसार को कब यह दवाई उपलब्ध होगी, इसका इंतजार है।

*- प्रदीप डांगे, भिलाई*

## ट्रेंड

### भूस्खलन से हादसा दुःखद



जम्मू-कश्मीर के वैष्णो देवी यात्रा मार्ग पर भारी बारिश के कारण भूस्खलन से हुआ हादसा अत्यंत दुःखद है। इस सम्बन्ध में जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला से बात की। स्थानीय प्रशासन राहत और बचाव कार्य में जुटा है और एनडीआरएफ की टीम भी वहां पहुंच रही है।

-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### पर्यावरण बचाएं



प्रतिदिन पौधा लगाने के संकल्प के तहत आज नई दिल्ली में पौधा लगाया। पेड़ धरती की खूबसूरती और जीवन की खुशहाली के लिए अनमोल हैं। आइए, हम सब मिलकर पर्यावरण बचाने का कर्तव्य निभाएँ।

-शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषिमंत्री

### स्वदेशी उत्पाद अपनाएं



मेरा प्रयास हमेशा यही रहता है कि ज़रूरत की हर चीजों में स्थानीय कारीगरों और शिल्पकारों की मेहनत से बनी वस्तुओं का उपयोग करूँ। आप सबसे भी आग्रह है कि आप भी अपने जीवन में स्वदेशी उत्पादों को अपनाकर उनका हौसला बढ़ाएँ।

- अन्नपूर्णा देवी, केंद्रीय मंत्री

### लोकतांत्रिक लड़ाई



बिहार एक बार फिर भारत की लोकतांत्रिक लड़ाई का केंद्र बन गया है। मतदाताओं को हटाकर या संस्थाओं पर कब्जा करके भाजपा जनता की शक्ति को कुचल नहीं सकती। यही वह चिंगारी है जो लोकतंत्र के अगले अध्याय को रोशन करेगी।

-एम.के. स्टालिन, सीएम, तमिलनाडु

## करंट अफेयर

# नेपाल में हिंदुओं ने मनाया गणेश चतुर्थी का पर्व

नेपाल में हिंदुओं ने बुधवार को भगवान गणेश के मंदिरों में पूजा-अर्चना करके गणेश चतुर्थी मनाई। भगवान गणेश विघ्नहर्ता और बुद्धि एवं समृद्धि के देवता हैं। चंद्र कैलेंडर के अनुसार भाद्र शुक्ल चतुर्थी को मनाए जाने वाले इस त्योहार के अवसर पर काठमांडू के कमलादि गणेश, अशोक बिनायक और सूर्य बिनायक सहित प्रमुख मंदिरों के अलावा अन्य शहरों के मंदिरों में भी श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ी। श्रद्धालुओं ने भगवान विघ्न विनाशन गणेश को फूल, फल और मिठाइयाँ अर्पित कीं तथा सौभाग्य, ज्ञान और समृद्धि की कामना की।



## ऑफ बीट

# जलमग्न पाषाणकालीन बस्तियों का चला पता

उत्तरी डेनमार्क में अरहुस की खाड़ी के गहरे नीले पानी के नीचे, पुरातत्वविद 8,500 वर्ष से भी अधिक पहले समुद्र का जलस्तर बढ़ने के कारण नष्ट हो चुकी तटीय बस्तियों की खोज कर रहे हैं। इस ग्रीष्म ऋतु में, गोताखोर डेनमार्क के दूसरे सबसे बड़े शहर अरहुस के निकट समुद्री लहरों से लगभग 8 मीटर (26 फुट) नीचे उतरे और सागर तल से पाषाण युग की बस्तियों के साक्ष्य एकत्र किए। यह कवायद बाल्टिक और उत्तरी सागर में समुद्र तल के कुछ हिस्सों का मानचित्रण करने के लिए यूरोपीय संघ द्वारा वित्तपोषित 1.32 करोड़ यूरो (1.55 करोड़ अमेरिकी डॉलर) की छह-वर्षीय अंतरराष्ट्रीय परियोजना का हिस्सा है,



## संक्षेप

### गंगा में डूबे किशोर का नहीं चला पता, परिजनो ने एसडीएम से आर्थिक सहायता दिलाने की मांग

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। तहसील क्षेत्र के बक्सर घाट पर दोस्तों के साथ 30 जुलाई को गंगा स्नान करने आए फतेहपुर जिले के गोंझ तपनी निवासी नीरज सिंह पुत्र सुरेश सिंह उम्र 17 वर्ष गंगा में डूब गया था। एक माह बाद भी नीरज का पता नहीं चल सका परिवार के लोग परेशान हैं।पीड़ित परिवार शनिवार को एसडीएम से मिलकर आर्थिक सहायता तथा नीरज की गंगा में खोज कराने की मांग की है।गंगा में डूबे नीरज की मां उत्तरा देवी ने एसडीएम रणवीर सिंह को पत्र देकर बताया कि एक माह बीत जाने के बाद भी गंगा में डूबे उसके पुत्र का अभी तक पता नही चल सका है। जिसके चलते पारिवारिक लोगों के सामने भुखमरी का संकट है ।परिवार को आर्थिक सहायता भी दिलाई जाए ।एस डी एम रणवीर सिंह ने पारिवारिक जनों को आश्वस्त किया कि उच्चाधिकारियों से बात कर हर संभव मदद का प्रयास किया जाएगा।

### सपा नेताओं में जमकर हुई नोक-झोंक

**सुल्तानपुर में पदयात्रा के दौरान दो गुट भिड़े, पूर्व जिलाध्यक्ष ने कराया शांत**

सुलतानपुर, लंभुआ में गुरुवार को सपा की विवाद हो गया।यह यात्रा क्षेत्रीय समस्याओं को लेकर निकाली गई थी। विवाद तब शुरू हुआ जब ज्ञापन देने के समय पूर्व विधायक संतोष पांडेय के समर्थक अतेंद्र जायसवाल और हिस्ट्रीशीटर सपा नेता जितेंद्र वर्मा बाजीगर आमने-सामने आ गए। पूर्व जिलाध्यक्ष पृथ्वीपाल यादव ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। लंभुआ सपा विधानसभा अध्यक्ष सतपाल यादव के नेतृत्व में यह पदयात्रा राम दरबार मंदिर से शुरू हुई। यात्रा के दौरान कस्बे में अखिलेश यादव जिंदाबाद और पीडीए एकता जिंदाबाद के नारे लगे। यात्रा तहसील मुख्यालय पर समाप्त हुई। तहसीलदार प्रांजल तिवारी को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में कई महत्वपूर्ण मुद्दे उठाए गए। इनमें खाद की कालाबाजारी, छुट्टा जानवरों की समस्या, जल निकासी की समस्या और बेरोजगारी शामिल थे। साथ ही प्राइवेट स्कूलों की मनमानी फीस, कानून व्यवस्था की स्थिति और महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार जैसे मुद्दे भी रखे गए।पदयात्रा के दौरान दो गुटों में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से विशेष मांगें की गईं।

### युवक की ढाबे पर मौत

**पंखा लगाते समय लगा करंट, शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया**

सुलतानपुर, ढाबे पर काम करने वाले एक युवक की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई।जयसिंहपुर कोतवाली अंतर्गत करौंदी गांव स्थित युवक के परिवार में सूचना पहुंची तो कोहराम मच गया है। जानकारी के अनुसार करौंदी निवासी विजय गौड़ (28 वर्ष) पुत्र राधेश्याम गौड़ अमेठी के गौरीगंज कोतवाली अंतर्गत टिकरिया एसीसी कंपनी के पास ठाकुर ढाबा पर काम करता था।

# पांच बच्चों के सिर से उठा पिता का साया, परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल

## पोस्टमार्टम के बाद पुलिस की मौजूदगी में किया गया अंतिम संस्कार

### थाना मोतीपुर के राजापुर बनकटवा गांव का मामला

अमन लेखनी समाचार



मोतीपुर, बहराइच। ननके हत्याकांड के बाद गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है ग्रामीण कुछ भी बोलने से कतरा रहे हैं वही परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है ।थाना मोतीपुर क्षेत्र में गुरुवार की रात को हुए हत्याकांड के बाद पांच बच्चों के सिर से पिता का साया उठ गया है वहीं परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है अब घर में कमाने वाला कोई नहीं बचा है परिवार का पालन पोषण कैसे होगा यह सवाल ग्रामीणों की जुबान पर है। पत्नी बच्चे और बूढ़ी मां रो रो कर बेहोश हो रही थी गांव वाले ढांढस बंधाते हुए रो रो कर कह रहे थे की आखिर कौन करेगा इन बच्चों की देखभाल। क्योंकि ननके के पिता मौकूलाल की मौत लगभग 5 वर्ष पूर्व हो चुकी है।थाना मोतीपुर क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत राजापुर कला के मजरा बनकटवा निवासी ननके 37 वर्ष पुत्र मैकू लाल का शव शुक्रवार को घर से कुछ ही दूरी पर स्थित धान के खेत के पास पानी भरे गड्ढे में मिला था मृतक की पत्नी ने बताया कि गुरुवार की रात 2 बजे गांव के अज्ञात लोगों ने आवाज देकर बुलाया जिसपर ननके उनके साथ अभी आने की बात कहकर चला गया काफी देर तक वापस न आने पर सुबह खोजबीन शुरू किया लेकिन पता नही चला शुक्रवार की दोपहर ननके का पुत्र आकाश घर के सामने पानी भरे गड्ढे का कूड़ा अनायास हटाने लगा तो अंगुली दिखाई दी जिसपर वह चिल्लाते हुए परिजनों को बताया परिजनों ने पंहुचकर डंडे से हिलाया तब शव उतरा गया ननके का शव देखते ही परिजनों में कोहराम मच गया और सूचना मोतीपुर को दी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया शनिवार देर शाम मृतक का अंतिम संस्कार पुलिस की मौजूदगी में किया गया। मृतक अपने पीछे पत्नी अंजनी,माता संवारा और पांच बच्चे हैं जिससे पुत्री लाडली 10 वर्ष, पुत्र आकाश 8 वर्ष, पुत्री रजनी 6 वर्ष, आशिया 4 वर्ष, रोशनी 2 वर्ष शामिल हैं। मृतक की पत्नी अंजनी ने बताया कि गांव के दो लोग गुरुवार की रात घर हमारे पति को बुलाकर ले ? गए इसके दूसरे दिन दोपहर में उनकी लाश खेत की गड्ढे से मिली। पुलिस क्षेत्राधिकारी हर्षिता तिवारी ने बताया कि मृतक के परिजनों ने नामजद तहरीर दी है पुलिस अन्य पहलुओं पर जांच कर रहीं है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों का पता लग सकेगा घटना का जल्द खुलासा किया जायेगा।

# रूपईडीहा में एनसीसी शिविर के छठवें दिन विभिन्न प्रकार के दिये गये प्रशिक्षण

अमन लेखनी समाचार



रूपईडीहा, बहराइच। लॉर्ड बुद्धा पीजी कॉलेज रूपईडीहा में चल रहे एनसीसी शिविर के छठवें दिन कैंप कमांडेंट कर्नल ए.पी.एस. पटवाल के निर्देशन में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सुबह सबसे पहले स्वच्छ भारत अभियान के तहत जन-जागरूकता रैली निकाली गई। यह रैली शिविर कैंपस से शुरू होकर भारत-नेपाल बॉर्डर तक निकाली गई, जिसका उद्देश्य हर नागरिक को स्वच्छता के प्रति जिम्मेदार बनाना और खुले में शौच मुक्त भारत के संकल्प को मजबूत करना रहा। कंपनियों में अलग-अलग विषयों पर प्रशिक्षण एवं लेक्चर आयोजित किए गए।ए कंपनी में सी एच एम मिकीन ने कम्युनिकेशन में कॉल के प्रकार विषय पर जानकारी दी। ब्रावो कंपनी में हवलदार कपिल ने मैप रीडिंग में प्रमुख भू-आकृतियों पर लेक्चर दिया। सी कंपनी में हवलदार हमपुन ने वेपन ट्रेनिंग के अंतर्गत लेइंग पोजिशन, होल्डिंग और ऐमिंग का अभ्यास कराया। डेल्टा कंपनी में कैडेट्स की फायरिंग प्रैक्टिस कराई गई। ई कंपनी में CHM रामकिशोर ने 1965 के युद्ध और आर्म्ड फोर्स की भूमिका पर व्याख्यान दिया। एफ कंपनी में हवलदार महेंद्र ने एफ सी/बी सी के अंतर्गत सेक्शन फॉर्मेशन की जानकारी प्रदान की।शिविर के अंतिम सत्र में सांस्कृतिक एवं खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ, जिसमें कैडेट्स ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपने कौशल का प्रदर्शन किया। शिविर के सफल संचालन में डॉ. यशपाल का विशेष सहयोग रह रहा है ।उनके मार्गदर्शन और सहयोग से कार्यक्रम सुचारु रूप से छठवें दिन भी संपन्न हुआ।

# सड़क पर दिखा मगरमच्छ तो मचा हड़कंप

- पुलिस एवं फॉरेस्ट टीम ने ग्रामीणों के सहयोग से किया रेस्क्यू
- सरयू नहर में छोड़ा गया मगरमच्छ

अमन लेखनी समाचार

रुपईडीहा, बहराइच।शुक्रवार की रात करीब 11 बजे नगर पंचायत रुपईडीहा के वार्ड संख्या 9, दीन दयाल नगर/बर्थनवा मोहल्ले में अचानक एक मगरमच्छ खुलेआम सड़क पर बैठ गया। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों में हड़कंप मच गया और लोग दूर से ही तमाशा देखने लगे। वार्ड के सभासद जान मोहम्मद ने तत्काल पुलिस और वन विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही वन विभाग के विनय राणा रेस्क्यू टीम लेकर एवम कोतवाल रमेश रावत पुलिस बल के साथ मौके पर पहुँचे और मगरमच्छ को पकड़ने का अभियान शुरू किया। इस दौरान ग्रामीणों ने भी रेस्क्यू टीम की मदद की। टीम ने सुरक्षा कारणों से आसपास मौजूद लोगों को दूरी बनाए रखने की अपील की। करीब चार घंटे की मशक्कत के बाद मगरमच्छ को सफलतापूर्वक पकड़ा गया।इसके बाद उसे सरयू नहर में सुरक्षित रूप से छोड़ दिया गया। सभासद जान मोहम्मद ने बताया कि गाँव से लगभग 300 मीटर की दूरी पर दोंदरा (पहाड़ी नाला) बहता है, जहाँ से मगरमच्छ अक्सर बस्तियों की ओर आ जाते हैं। उन्होंने



कहा कि पिछले पाँच वर्षों में यह तीसरी बार है जब गाँव में मगरमच्छ दिखाई दिया है। बरसात के मौसम और नदी-तालाब का जलस्तर बढ़ने से जलीय जीव अक्सर आबादी वाले इलाकों में पहुँच जाते हैं।

# शोभायात्रा के साथ शुरू होगा राम लीला महोत्सव

## राम लीला कमेटी की बैठक हुई आयोजित

अमन लेखनी समाचार/संतोष मिश्रा



बहराइच। श्री मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान राम लीला कमेटी (रजि.) की एक आवश्यक बैठक शहर के छावनी बाजार स्थित थोक कपड़ा कमेटी अतिथि भवन में आयोजित की गयी ।कार्यक्रम की अध्यक्षता कमेटी के अध्यक्ष श्याम करण टेकड़ीवाल ने की ।बैठक में आगामी राम लीला महोत्सव धूमधाम एवं हर्षोल्लास से मनाने के लिए व्यूह रचना बनाई गई। बैठक की अध्यक्षता कर रहे कमेटी के अध्यक्ष श्याम करण टेकड़ीवाल ने बताया कि आगामी राम लीला महोत्सव 22 सितंबर से शुरू होकर 07 अक्टूबर तक चलेगा ।उन्होंने बताया कि राम लीला की शुरूआत छावनी स्थित पंचायती मन्दिर से शोभायात्रा के साथ होगी। 23 सितंबर से बशीरगंज स्थित राम लीला मैदान पर राम लीला का मंचन मथुरा-वृंदावन के कलाकारों द्वारा आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 02 अक्टूबर को मुख्य दशहरा पर्व मनाया जाएगा। 05 अक्टूबर को पुराने महाराज सिंह स्कूल के समीप से भरत मिलाप का जुलूस निकाला जाएगा एवं मध्य रात्रि को बिसातखाने के सामने भरत मिलाप होगा। उन्होंने आगे बताया कि रविवार 06 अक्टूबर को बिसातखाना चबूतरे पर श्रीराम का राज्याभिषेक होगा एवं मंगलवार 07 अक्टूबर को घण्टाघर प्रांगण में लखनऊ के कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। बैठक में बृजेश पाण्डेय, संतोष अग्रवाल, सुदामा मिश्रा, कमल शेखर गुप्ता, जितेंद्र त्रिपाठी, जय जय अग्रवाल, मीडिया प्रभारी सचिन श्रीवास्तव, श्रवण शुक्ला, राहुल रॉय, आदर्श अग्रवाल, विनय जैन, के के मिश्रा, राज कुमार लोहिया, जतिन गुप्ता, सुनील श्रीवास्तव, देवेन्द्र कुमार मिश्रा, पुष्प नाथ तिवारी, सुरेश चंद्र जायसवाल, जगदम्बा प्रसाद सोनी, सुशील कुमार शुक्ला, जीतेन्द्र प्रताप सिंह, पुनीत कुमार गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, आनंद गुप्ता, के के सक्सेना, सीताराम यज्ञसैनि, हर्षित राज, देव कुमार रस्तोगी, रामजी शुक्ला, दुर्गेश पाण्डेय, अखिलेश यादव, निशा शर्मा सहित सैकड़ों राम भक्त मौजूद रहे।

# भैंस चोरी करने का प्रयास करते हुए तीन अभियुक्त गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार/मोहम्मद कौशर

रूपईडीहा, बहराइच। भारत नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र आदर्श थाना रुपईडीहा के अंतर्गत पुलिस को मिली बड़ी सफलता। तीन भैंस चोर रंगे हाथों गिरफ्तार। बताते चलें कि पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह द्वारा अपराध एवं अपराधियों के रोकथाम एवं चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने व चोरी की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के दिशा निर्देशन पर एवं अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, दुर्गा प्रसाद तिवारी व क्षेत्राधिकार नानपारा प्रद्युम्न सिंह के दिशा निर्देशन पर आदर्श थाना कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रमेश सिंह रावत के कुशल नेतृत्व में बाबागंज चौकी इंचार्ज उपनिरीक्षक दीपक सिंह उप निरीक्षक जितेंद्र सिंह यादव मय पुलिस टीम द्वारा ग्राम विशुनापुर क्षेत्र बाबागंज में भैंस चोरी का प्रयास करते हुए साबिर अली, पुत्र अफजल, निवासी गड़रहवा उम्र 24 वर्ष अखिलेश कुमार मिश्रा पुत्र रमेश कुमार मिश्रा निवासी शंकरपुर उम्र 25 वर्ष मुनीजर पुत्र अयोध्या प्रसाद निवासी विशुनापुर उम्र 45 वर्ष रात्रि 12:00 बजे गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में आदर्श थाना कोतवाली




रुपईडीहा में मुकदमा अपराध संख्या 255 /25 धारा 331 (4) 305 (क) 62 बीएनएस पंजीकृत करके आवश्यक विधि कार्रवाई करते हुए अभियुक्तगणों को पेशी हेतु सदर लाइन बहराइच रवाना किया गया।

# गणेश विसर्जन व बारावफात को लेकर पीस कमेटी की बैठक आयोजित

अमन लेखनी समाचार/मो. कौशर



रुपईडीहा, बहराइच। गणेश विसर्जन और बारावफात पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने के उद्देश्य से शनिवार को थाना परिसर रुपईडीहा में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता तहसीलदार अंबिका चौधरी ने की, जबकि संचालन डॉ सनत कुमार शर्मा ने किया। बैठक में दोनों समुदायों के सम्मानित नागरिकों, जनप्रतिनिधियों तथा नगर पंचायत अधिकारियों ने भाग लिया। इस दौरान तहसीलदार अंबिका चौधरी ने स्पष्ट किया कि पर्वों के दौरान शांति और भाईचारे की मिसाल कायम करना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि गणेश विसर्जन और बारावफात के अवसर पर मानक के अनुरूप ही डीजे बजाए जाएंगे और केवल कमेटी द्वारा अनुमति प्राप्त डीजे ही चल सकेंगे। थाना प्रभारी निरीक्षक रमेश सिंह रावत ने कहा कि डीजे सिर्फ जुलूस के साथ ही चलेंगे, जुलूस से अलग किसी भी स्थिति में डीजे बजाने की अनुमति नहीं होगी। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में पूर्व प्रधान मोहम्मद जुबेर फारूकी नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ. उमाशंकर वैश्य और अधिशासी अधिकारी राम बदन यादव ने भी लोगों से शांति, सहयोग और स्वच्छता बनाए रखने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न समुदायों के गणमान्य नागरिकों ने प्रशासन को आश्वस्त किया कि सभी पर्व पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल में सम्पन्न कराए जाएंगे इस अवसर पर नरेंद्र खेसाल फारूकी हाफिज कसीद शमसद आदि मौजूद रहे।

# जमुनहा गाँव में चोरी, लाखों का सामान पार



अमन लेखनी समाचार

रुपईडीहा, बहराइच। जमुनहा गाँव 6 नगर पंचायत रूपईडीहा के निवासी बबलू सोनकर के घर में बीती रात करीब 2 बजे चोरों ने धावा बोल दिया। घर के बाहर लगे लोहे के जीने से चढ़कर चोर छत के रास्ते भीतर घुसे और अलमारी व बक्से तोड़कर उसमें रखे सामान पार कर ले गए। परिवार की बेटी का गौना होने वाला था, जिसके लिए बनवाए गए जेवरात, दो मोबाइल फोन सहित कीमती सामान चोरी हो गया। अनुमानित चोरी की कीमत करीब 3 से 3.5 लाख रुपये बताई जा रही है। घटना का पता तब चला जब घर के लोग रात करीब 3:30 बजे जागे। सूचना मिलते ही पुलिस को मामले से अवगत कराया गया।

# नगर पंचायत रूपईडीहा में डोर-टू-डोर कूड़ा उठाने को लेकर जागरूकता अभियान

अमन लेखनी समाचार



रूपईडीहा, बहराइच। शनिवार को नगर पंचायत रूपईडीहा के आदर्श नगर वार्ड संख्या 14 में ई.ओ. नगर पंचायत राम बदन के नेतृत्व में डोर-टू-डोर कूड़ा उठाने को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर सी.एम. फेलो अभिषेक पांडेय, हसन रिजवी, अनिल मदेशिया एवं सभासद रजा इमाम रिजवी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। अभियान के दौरान सफाई नायक अजय और अभय स्थानीय घरों से डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रह करते नजर आए। उपस्थित अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने स्वच्छता को लेकर लोगों को जागरूक किया और नगर को स्वच्छ रखने में सहयोग की अपील की। ईओ राम बदन ने कहा कि स्वच्छ वातावरण ही स्वस्थ जीवन की कुंजी है, इसलिए प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वे अपना कचरा निर्धारित समय पर डोर-टू-डोर सेवा में लगे वाहनों में ही डालें। सूखा कचरा एवम् गीला कचरा अलग अलग रखने का ध्यान रखें और आसपास कूड़ा, करकट न डालकर गंदगी फैलाने से बचें तथा स्वच्छ भारत अभियान के भागीदार बने। अपना कचरा निर्धारित समय पर डोर-टू-डोर सेवा में लगे वाहनों में ही डालें। सूखा कचरा एवम्गीला कचरा अलग अलग रखने का ध्यान रखें और आसपास कूड़ा, करकट न डालकर गंदगी फैलाने से बचें तथा स्वच्छ भारत अभियान के भागीदार बने।

# न्यायाधिकारी पंकज कुमार द्वितीय ने मोबाइल कोर्ट में वादों का किया निस्तारण

अमन लेखनी समाचार/संतोष मिश्रा



बहराइच। महसी ब्लाक के ग्राम पंचायत रेहुआ मंसूर के खजुरिहा प्राथमिक विद्यालय में शनिवार को जनपद न्यायाधीश के दिशा-निर्देश में ग्राम न्यायालय महसी के न्यायाधिकारी पंकज कुमार (द्वितीय) ने मोबाइल कोर्ट (चल न्यायालय)का आयोजन किया। चल न्यायालय में न्यायाधिकारी ने नौ वादियों के वादों का निस्तारण किया। न्यायाधिकारी पंकज कुमार द्वितीय ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य न्याय को पीड़ितों के द्वार तक पहुंचाना है। जनपद न्यायाधीश के निर्देशन में मोबाइल कोर्ट का आयोजन किया गया। गांव में कई ऐसे छोटे-छोटे विवाद हैं, जो सालों से लंबित हैं। लोगों को उनके कानूनी अधिकार के संबंध में भी जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि संक्षिप्त विचारण के मामले जैसे घरेलू हिंसा, छोटे-मोटे जमीनी विवाद आदि के मामले ग्रामीण न्यायालय में ही निस्तारित हो सकते हैं। इसके लिए जिला कोर्ट या उससे ऊपर जाने की कोई जरूरत नहीं। इस मौके पर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष भरत मिश्रा, महामंत्री अधिवक्ता रामकर्ण त्रिपाठी, वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश्वर दत्त वाजपेई, आशुतोष अवस्थी समेत अन्य मौजूद रहे।

# पुलिस ने पीड़ित को थाने में बैठाया

**आरोपी खुले घूम रहे, खेत में मेड़ काटने को लेकर हुई थी मारपीट**



संवाददाता

अमेठी जिला, थौरा गांव में खेत की मेड़ को लेकर हुए विवाद में पुलिस की कार्यवाही पर सवाल उठ रहे हैं। श्रीनाथ यादव और उनके तीन बेटों ने नवीन कश्यप के खेत की मेड़ को जबरन काटने का प्रयास किया। नवीन के भाई प्रदीप कश्यप ने जब इसका विरोध किया और वीडियो बनाने लगे, तो आरोपियों ने उन पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमले में प्रदीप के दोनों पैरों में गंभीर चोटें आईं। वह चलने में भी असमर्थ हो गए। पीड़ित प्रदीप कश्यप न्याय की आस में अमेठी कोतवाली पहुंचे। उन्होंने कोतवाल को लिखित शिकायत दी। लेकिन पुलिस ने आरोपियों पर कार्रवाई करने की बजाय प्रदीप को ही बुधवार शाम से थाने में बैठा लिया। अमेठी कोतवाल रवि कुमार सिंह का कहना है कि शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए दोनों पक्षों पर निरोधात्मक कार्रवाई की जा रही है। हालांकि, पीड़ित पक्ष पुलिस की इस कार्यवाही से नाराज है।

# पुलिस की मिलीभगत से काशीराम कॉलोनी में किया कब्जा

## सुलतानपुर में महिला पर आरोप, दलित परिवार को दी धमकी

संवाददाता



सुलतानपुर, काशीराम आवास कॉलोनी में अवैध कब्जे का मामला सामने आया है। समाजसेवी पप्पू कोरी ने पुलिस अधीक्षक को शिकायत पत्र सौंपा है। शिकायत में बताया गया है कि अंजू वर्मा नाम की महिला ब्लॉक नंबर 6/68 में अवैध रूप से रह रही है। आरोप है कि अंजू वर्मा का एक गिरोह है,

जिसमें कुछ महिलाएं और एक वकील अजय कुमार शामिल हैं। तत्कालीन उप-निरीक्षक जगदीश सिंह से इनके करीबी संबंध थे। इसी के चलते ब्लॉक नंबर 7 में एक कमरे पर कब्जा कर लिया गया। शिकायतकर्ता का कहना है कि इस मामले की कई बार शिकायत की गई, जिसकी ऑडियो रिकॉर्डिंग भी मौजूद है। 25 अगस्त को विद्युत विभाग की टीम जांच के लिए पहुंची। इससे नाराज होकर आरोपी महिला ने शिकायतकर्ता के घर जाकर उनकी पत्नी और बच्चों को जान से मारने की धमकी दी। इस घटना का वीडियो भी उपलब्ध है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि मामले को दबाने के लिए 26 मई को थाना कोतवाली नगर में उनके खिलाफ झूठा मुकदमा दर्ज करा दिया गया। वर्तमान में जिलाधिकारी की निगरानी में मामले की जांच चल रही है। शिकायतकर्ता ने जिलाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक, कोतवाली प्रभारी, नगर पालिका परिषद और विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता को भी इस मामले में शिकायत की है।

## संक्षेप

### सैंडविच के बीच निकला ग्लव्स

**एक्स पर किया पोस्ट, जोमैटो ने दी प्रतिक्रिया, घटना को बताया निराशाजनक**

नोएडा, सेक्टर 45 में एक ग्राहक ने ऑनलाइन फूड डिलीवरी ऐप से सैंडविच मंगवाया। इस दौरान जैसे ही उसने सैंडविच का एक कौर खाया, वैसे ही उससे प्लास्टिक के ग्लव्स निकल आए। इसकी शिकायत ग्राहक ने एक्स पर की। साथ ही इस घटना की तस्वीर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर तेजी से वायरल हो रही है। यह घटना 26 अगस्त की बताई जा रही है। यूजर सतीश सरावगी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, मैंने एक सैंडविच ऑर्डर किया और खाने में एक दस्ताना मिला। यह अस्वीकार्य है और स्वच्छता संबंधी गंभीर चिंता का विषय है। कृपया जांच करें और यथाशीघ्र जवाब दें। इसी पोस्ट में उन्होंने खाद्य विभाग के एक्स हैंडल को टैग किया। अब इस घटना से सवाल उठने लगा है कि आखिर ऑनलाइन मंगाए जाने वाले इन खाद्य पदार्थों को कितनी स्वच्छता के साथ बनाया जाता है ? इस पर खाद्य विभाग कैसे शिकंजा कसेगा। इस मामले के सामने आने पर जोमैटा ने प्रतिक्रिया दी और इस घटना को निराशाजनक करार दिया। जोमैटो ने एक्स पर लिखा, "नमस्ते सतीश, यह सुनकर हमें बहुत धक्का लगा है।

### दूध कारोबारी के 10 लाख लेकर भागा कर्मचारी

**खुद को गोली मारकर लूट की बनाई झूठी कहानी, जीजा-साला गिरफ्तार**

जेवर, ग्रेटर नोएडा में एक दूध कारोबारी के विश्वास का फायदा उठाकर उनके कर्मचारी ने अपने साले के साथ मिलकर 10 लाख रुपये का गबन कर लिया। आरोपी ने पैसे लेकर भागने के बाद खुद को गोली मारकर लूट की झूठी कहानी बनाई। दिल्ली निवासी जितेंद्र शर्मा ने अपने कर्मचारी उमेश को 10 लाख रुपये घर भेजने के लिए दिए। उसी रात उमेश के भाई का फोन आया कि बदमाशों ने यमुना एक्सप्रेसवे पर उमेश को गोली मारकर पैसे लूट लिए हैं। जितेंद्र शर्मा अस्पताल पहुंचे। उन्हें शक हुआ कि यह लूट की घटना नहीं है। उन्होंने दनकौर कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने जब उमेश से पूछताछ की तो सच्चाई सामने आ गई। उमेश ने बताया कि उसने अपने फिरोजाबाद निवासी साले पवन के साथ मिलकर यह साजिश रची थी। मालिक को गुमराह करने के लिए खुद के हाथ में गोली मार ली। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

### निमार्णाधीन होटल पर काम के दौरान हादसा

**युवक को लगा करंट, अस्पताल ले जाते समय मौत**

बागपत, बड़ौत कस्बे में एक निमार्णाधीन होटल पर काम करने के दौरान 24 वर्षीय मजदूर आर्यन को विद्युत करंट लग गया। हादसा तब हुआ जब आर्यन होटल की छत पर काम कर रहा था। करंट लगने के बाद आर्यन जमीन पर गिर गया। आसपास के लोगों ने तुरंत उसे स्थानीय अस्पताल पहुंचाया। यहां से डॉक्टरों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# खड़े डंफर में लगी आग

## अचानक से धू-धू कर लगा जलने, ग्रामीणों की सूझबूझ से टला हादसा

**अमन लेखनी समाचार**

प्रयागराज, जिले के नारीबारी-शंकरगढ़ मार्ग पर बड़ा हादसा होते-होते टल गया। भगदेवा चौराहे के पास सड़क किनारे खड़ा एक डंफर अचानक आग की लपटों में घिर गया। रात करीब 1 बजे जब लोग सो रहे थे, तभी अचानक डंफर से धुआं और तेज आग की लपटें निकलने लगीं। देखते ही देखते पूरा डंफर धू-धू कर जलने लगा। आग इतनी तेज थी कि आसपास के मकानों और दुकानों तक रोशनी फैल गई और लोगों में दहशत का माहौल बन गया। गणेश पूजन कार्यक्रम में जुटे युवाओं ने संभाली स्थिति सौभाग्य से हादसे के वक्त चौराहे के पास ही गणेश प्रतिमा स्थापना का कार्यक्रम चल रहा था। गाँव के लोग पूजा और भजन-कीर्तन में शामिल थे। जैसे ही लोगों ने डंफर को जलते देखा,



अफरा-तफरी मच गई, लेकिन युवाओं ने हिम्मत नहीं हारी। गाँव के विभूति नारायण द्विवेदी ने फौरन फायर ब्रिगेड को सूचना दी। वहीं अन्य युवाओं ने पंडाल और आसपास के घरों में मौजूद लोगों को सतर्क किया और उन्हें बाहर निकालकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। कई ग्रामीणों ने मिलकर पानी और मिट्टी डालकर आग पर काबू पाने की कोशिश की। दमकल टीम की तत्परता से बुझी आग सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुँची। दमकलकर्मी और ग्रामीणों ने मिलकर आग को बुझाने का प्रयास किया। करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद लपटों पर पूरी तरह काबू पा लिया गया। गनीमत यह रही कि इस हादसे में किसी की जान नहीं गई। केवल डंफर ही जलकर राख हो गया। अब तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि डंफर में आग कैसे लगी। प्राथमिक तौर पर आशंका जताई जा रही है कि शॉर्ट सर्किट या इंजन से तेल का रिसाव इसकी वजह हो सकता है। फिलहाल पुलिस और दमकल विभाग ने मामले की जाँच शुरू कर दी है। ग्रामीणों ने जताया आभार गांव के लोगों का कहना है कि अगर आग पर समय रहते काबू नहीं पाया जाता, तो पास में लगे गणेश पंडाल और आसपास के मकानों तक आग फैल सकती थी।

इससे बड़ा नुकसान और जनहानि हो सकती थी। ग्रामीणों ने आग की सूचना देने वाले और मौके पर साहस दिखाने वाले युवाओं की खूब सराहना की। साथ ही, उन्होंने दमकल विभाग का भी आभार जताया कि उनकी तत्परता से आग पर समय रहते नियंत्रण पा लिया गया

# राहुल गांधी के खिलाफ भाजपा का विरोध प्रदर्शन

## समर्थकों ने तस्वीर को बनाया पावदान, पैर रखकर जताई नाराजगी

**अमन लेखनी समाचार**

प्रयागराज, कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ भाजपा समर्थकों ने एक नया विरोध प्रदर्शन किया। भारतीय जनता पार्टी के विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) सुरेंद्र चौधरी के समर्थकों ने राहुल गांधी की तस्वीर वाला पोस्टर बनाकर उसे पावदान की तरह दरवाजे के बाहर बिछा दिया। समर्थक उस पर पैर रखकर अपना विरोध जताते नजर आए। यह प्रदर्शन प्रयागराज के मंफोर्डगंज इलाके में हुआ। हाल ही में बिहार में एक रैली के दौरान राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा पर आक्रामक भाषा का इस्तेमाल किया था, जिसने राजनीतिक माहौल में तनाव को और बढ़ा दिया। अब भाजपा नेताओं और उनके समर्थकों ने इसे मुद्दा



बनाते हुए मांग की है कि राहुल गांधी देश की जनता से माफी मांगें, नहीं तो पार्टी विरोध जारी रखेगी। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि राहुल गांधी अब केवल विवादित बयान और अशब्द टिप्पणी के सहारे राजनीति कर रहे हैं। यही कारण है कि जनता में उनके खिलाफ गुस्सा बढ़ रहा है। भाजपा समर्थक इसे राहुल गांधी की गिरती हुई साख से जोड़ रहे हैं और आगे भी खुलकर विरोध करने का ऐलान कर रहे हैं।

# बी.एड छात्र की लाश खेत में मिली

## परिजन ने हत्या की जताई आशंका, चप्पल-बेल्ट अलग-अलग जगह मिले

**अमन लेखनी समाचार**

बडौत, फैजपुर निनाना गांव में एक बी.एड छात्र की संदिग्ध मौत का मामला सामने आया है। ज्वार के खेत में 25 वर्षीय आकाश का शव मिला। खेत में काम कर रही एक महिला ने सबसे पहले शव को देखा और आवाज लगाई। शव के पास से मिले साक्ष्यों ने पुलिस को जांच की नई दिशा दी है। मृतक की बेल्ट और चप्पल अलग-अलग स्थानों पर मिली हैं। परिजनों का कहना है कि आकाश की कुछ लोगों से पुरानी रंजिश थी। उन्होंने




साजिश के तहत हत्या की आशंका जताई है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। परिजन शव को देखकर बेसुध हो गए। उन्होंने पुलिस पर जांच में देरी का आरोप लगाया। इस दौरान पुलिस और परिजनों के बीच तीखी नोकझोंक भी हुई। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है।

# बॉयफ्रेंड के लिए पति को टॉर्चर कर रही पत्नी

## युवक बोला- बीबी ने मुझे मारने की कोशिश की, रील बनाती है; बच्चों को नहीं संभालती

**अमन लेखनी समाचार**

गाजियाबाद, एक युवक ने अपने 2 बच्चों के साथ जान का खतरा जताया है। युवक ने पुलिस कमिश्नर से शिकायत करते हुए कहा कि मेरी पत्नी का अफेयर चल रहा है, जब इसका विरोध करता हूं तो पत्नी मुझ पर जान लेवा हमला करती है। कई बार वह मारपीट करते हुए चाकू से भी हमला कर चुकी है। पीड़ित ने एक दिन पहले पुलिस कमिश्नर से शिकायत की है। पीड़ित ने पत्नी और उसके प्रेमी से जान का खतरा जताया है। गाजियाबाद के लोनी निवासी 38 साल के यवुक ने बताया कि मेरी शादी 2009 में लोनी निवासी महिला से हुई थी। युवक 15 हजार रुपये पर पर एक फैक्ट्री में काम करता है। दंपती पर 9 साल की बेटी और 6 साल का बेटा है। पीड़ित युवक ने बताया कि जब मैं बाहर चला जाता हूं तो पत्नी चोरी छिपे अपने प्रेमी से बात करती है। कई बार प्रेमी घर पर भी मिलने



आ जाता है। युवक ने बताया कि दिसंबर 2024 में एक दिन में अचानक घर पर आ गया, देखा तो पत्नी वीडियो कॉल पर प्रेमी से बात कर रही थी। पत्नी को जैसे ही मेरे आने का शक हुआ तो मोबाइल अलमारी में छिपा दिया। उसके बाद जब पत्नी से पूछा तो वह अपने मायके में बात करने की बात कहने लगी।

पीड़ित ने बताया कि बताया कि पत्नी इंस्टाग्राम पर रील अपलोड करती है। कई बार उससे मना किया तो वह मुझे गालियां देती है। यहां तक की मारपीट भी कर चुकी है। इंस्टाग्राम पर रील और लाइक बढ़ाने के लिए दूसरे युवकों की बाहों में देखा। अपनी इंस्टाग्राम आईडी को भी लॉक कर दिया है। विरोध करने पर पत्नी कभी बिजली का तार पकड़ती है, तो कभी सुसाइड करने की धमकी दे चुकी है। आत्महत्या के लिए खुद पर पेट्रोल छिड़ककर रील बनाती है।

# ट्रक ने स्कूटी को मारी टक्कर

## थाने से लौट रहे तीन लोग घायल, ड्राइवर फरार, सीसीटीवी खंगाल रही पुलिस



**अमन लेखनी समाचार**

बागपत, दिल्ली-सहारनपुर हाईवे पर सिसाना गांव के पास एक ट्रक ने स्कूटी को टक्कर मार दी। हादसे में स्कूटी पर सवार तीन लोग घायल हो गए। घायलों में मुजफ्फरनगर के हुसैनपुर कला गांव के अयान पुत्र इरफान, महबूब पुत्र सलाउद्दीन और वकीला पत्नी मतलूब शामिल हैं। स्थानीय लोगों और पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें हायर सेंटर रेफर किया गया। तीनों स्कूटी सवार थाने में किसी काम से आए थे और वापस गांव लौट रहे थे। पुलिस ने घायलों के परिजनों को घटना की जानकारी दी है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और फरार ट्रक चालक की तलाश जारी है।


# पुलिस के सामने युवक- युवती ने जड़े थप्पड़

**❍ दो पक्षों के बीच पैसों को लेकर था विवाद, सोशल मीडिया पर वीडियो हुआ वायरल**

**अमन लेखनी समाचार**

नोएडा, सेक्टर-15 का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में कुछ लोग शराब पिए हुए हैं। एक युवती पुलिस के सामने वहां खड़े लोगों की शिकायत कर रही है। इस दौरान पहले युवती एक युवक को तमाचा मारती है। इसके तुरंत बाद एक अन्य युवक युवती को तमाचा मारता है। पुलिस भी उस युवक को पकड़ती है, मारती है। ये वीडियो 18 अगस्त रात करीब साढ़े ग्यारह बजे का है।

इसे आज सोशल मीडिया पर वायरल किया गया । पुलिस ने बताया कि वीडियो की जांच में सामने आया कि इसमें दो पक्ष हैं। इनका एक ही आयुर्वेदिक दवाओं का कारोबार है। इसी को लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद



था। ये दोनों पक्ष एक-दूसरे को लंबे समय से जानते हैं। इसमें एक पक्ष कृष्णा पांडे और सौरभ शुक्ला निवासी सेक्टर 15 है। दूसरा पक्ष अभिषेक राय निवासी सेक्टर-107, मयंक चमौली निवासी सेक्टर 1 और आयुषी शर्मा है। इनमें से अधिकांश लोग शराब के नशे में थे। इनका आपस में शुगर बीपी की आयुर्वेदिक दवाईयों को लेकर विवाद हुआ था। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद हुआ। मौके पर पुलिस पहुंची और दोनों पक्षों को समझाने लगी। इस दौरान युवती ने एक युवक को तमाचा मारा और दूसरे युवक ने युवती को तमाचा मारा। पुलिस ने सभी को शांत कराया। बताया कि दवाओं के बिजनेस में पैसों को लेकर विवाद था। पुलिस ने170/135/126 बीएनएसएस की व 292 बीएनएस की धारा के तहत एक्शन लिया।

# अमर बलिदानियों की स्मृति में महाश्राद्ध का आयोजन

## यति नरसिंहानंद बोले- 1300 सालों में इस्लामिक जिहाद के खिलाफ प्राणों की आहुति देने वालों याद करें

**अमन लेखनी समाचार**

गाजियाबाद, शिवशक्ति धाम डासना के पीठाधीश्वर व श्री पंचदशनाम जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी आज महाश्राद्ध के आयोजन की घोषणा की। इस मौके पर अमर बलिदानी मेजर आशाराम त्यागी सेवा संस्थान के अध्यक्ष मुकेश त्यागी, महामंत्री अक्षय त्यागी, कोषाध्यक्ष संजय त्यागी, बहेड़ी के साथ एक वीडियो जारी किया। महामंडलेश्वर ने कहा कि गाजियाबाद का लोहिया नगर 14 सितंबर 2025 को एक अनूठे और पवित्र उत्साह में डूबने जा रहा है। इस दिन हिंदी भवन की पुण्य भूमि पर अमर बलिदानी मेजर आशाराम त्यागी सेवा संस्थान अपना वार्षिक आयोजन तर्पण एक महाश्राद्ध आयोजित करने जा रहा है। यह आयोजन उन अमर शहीदों को समर्पित



है, जिन्होंने पिछले 1300 वर्षों में इस्लामिक जिहाद के खिलाफ लड़ते हुए अपने प्राणों की आहुति दी। इस वर्ष यह आयोजन और भी भव्य होने वाला है, क्योंकि संस्थान एक नया कदम उठाने जा रहा है। सनातन धर्म की रक्षा के लिए धरातल पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तित्व का सार्वजनिक अभिनंदन। यह कार्य सनातन धर्म के अनुयायियों के लिए एक प्रेरणा है, जो उन्हें इस पुण्य कार्य में सहभागी बनने के लिए प्रोत्साहित करेगा। यह आयोजन 17 वर्षों से महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी के मार्गदर्शन में पितृ पक्ष के अंतिम रविवार को आयोजित हो रहा है। उन्होंने यह भी बताया सुबह ठीक 9 बजे, हवन-यज्ञ की शुरूआत होगी। हवन कुंड में अग्नि प्रज्वलित होगी,

और मंत्रों की गूंज वातावरण को पवित्रता से भर देगी। संस्थान के कार्यकर्ता 1008 दीपक जलाएंगे, जिनमें से प्रत्येक दीपक उन अमर शहीदों की स्मृति को समर्पित होगा। जिन्होंने सनातन धर्म की रक्षा के लिए अपने प्राण न्यौछावर किए। ये दीपक सनातन धर्म की उस अमर ज्योति का प्रतीक होंगे, जो कभी मंद नहीं पड़ती। इस दृश्य को देखकर हर सनातनी के हृदय में श्रद्धा और गर्व का भाव जागृत होगा। हवन के बाद, एक कवि सम्मेलन का आयोजन होगा।

जहां मंच पर युवा कवि अमित शर्मा कवि सम्मेलन का संचालन करेंगे। कवियों की ओजस्वी वाणी में वीर रस की कविताएं गूंजेंगी, जो उपस्थित लोगों के मन में जोश और सनातन धर्म के प्रति समर्पण का भाव जगाएंगी। इस वर्ष, अमर बलिदानी मेजर आशाराम त्यागी सेवा संस्थान एक नया और प्रेरणादायी कदम उठाने जा रहा है।

# जल दोहन के विरोध में किसानों का प्रदर्शन

## जेबीएम यूनिवर्सिटी पर अवैध बोरिंग का आरोप, डीएम को सौंपा ज्ञापन

**अमन लेखनी समाचार**

जेवर, भारतीय किसान यूनियन (लोकशक्ति) ने ग्रेटर नोएडा में जल दोहन के विरोध में प्रदर्शन किया। चौधरी लखन सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस प्रदर्शन को राष्ट्रीय अध्यक्ष मास्टर श्यौराज



का मार्गदर्शन प्राप्त था। किसानों ने दो टीमें बनाईं। पहली टीम जिलाधिकारी कार्यालय पहुंची। उन्होंने जल संकट को लेकर अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा। दूसरी टीम यमुना औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र स्थित जेबीएम यूनिवर्सिटी, सेक्टर-22ई गई। यहां यूनिवर्सिटी पर अवैध जल दोहन का आरोप लगाया गया। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि यूनिवर्सिटी की बोरिंग से क्षेत्र का जल स्तर लगातार गिर रहा है। इससे आसपास के इलाकों में पानी की समस्या पैदा हो सकती है। प्रदर्शन में लखन चौधरी, गजब प्रधान, राजन सिंह, सुनील भाटी समेत कई पदाधिकारी शामिल हुए। किसान यूनियन ने चेतावनी दी है कि जल दोहन पर रोक नहीं लगी तो आंदोलन को तेज किया जाएगा।

# महिला पुलिस को मिली खास ट्रेनिंग

## कवच संस्था ने सिखाई आत्मरक्षा की तकनीकें, आपात स्थिति से निपटने की तैयारी

**अमन लेखनी समाचार**

गाजियाबाद, पुलिस कमिश्नरेट में महिला पुलिस बल के लिए विशेष आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कवच संस्था ने इस प्रशिक्षण का संचालन किया। यह संस्था पहले आर्मी कमांडो और फौजियों को भी प्रशिक्षण दे चुकी है। प्रशिक्षण में महिला पुलिसकर्मियों को आपात स्थिति से निपटने की तकनीकें सिखाई गईं।

इनमें ऐसे व्यावहारिक तरीके शामिल थे, जिन्हें रोजमर्रा की जिंदगी में भी अपनाया जा सकता है। इससे वे न सिर्फ खुद की रक्षा कर सकेंगी, बल्कि दूसरों की सुरक्षा भी सुनिश्चित कर सकेंगी। गाज़ियाबाद के एडिशनल पुलिस कमिश्नर आलोक प्रियदर्शी ने कहा कि आत्मरक्षा सीखना सभी के लिए जरूरी है। उन्होंने बताया कि इस



तरह का प्रशिक्षण महिला पुलिस बल की क्षमता और आत्मविश्वास बढ़ाता है। एसीपी प्रियाश्री पाल ने कहा कि कवच संस्था द्वारा सिखाई गई तकनीकें वास्तविक परिस्थितियों में कारगर हैं। उन्होंने नियमित प्रशिक्षण की सिफारिश की। इससे महिला पुलिस बल हर स्थिति में तत्काल कार्रवाई कर सकेगी। प्रशिक्षण में शामिल महिला पुलिसकर्मियों ने कहा कि इस कार्यक्रम से उनमें नया आत्मविश्वास और उत्साह आया है। वे अब किसी भी चुनौती का सामना करने के लिए बेहतर तरीके से तैयार हैं।

# पुलिस की दो बदमाशों से मुठभेड़

**❍ एक के लगी गोली, दूसरा कांबिंग के दौरान गिरफ्तार, 26 हजार नगद बरामद, मंदिर में की थी चोरी**

**अमन लेखनी समाचार**

नोएडा, थाना सेक्टर-113 पुलिस पुलिस जोडियक चौराहे के पास चेकिंग कर रही थी। सामने से बाइक सवार 02 व्यक्ति आते हुए दिखाई दिए। पुलिस को चेकिंग करता देख भागने का प्रयास करने लगे। संदिग्ध प्रतीत होने पर पुलिस टीम ने करीब 300 मीटर तक पीछा किया। बदमाशों द्वारा अपने आप को घिरता देख पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर किया। पुलिस टीम ने जवाबी एक्शन लिया और फायर किया। एक बदमाश गोली लगने से घायल हो गया। घायल बदमाश की पहचान कन्हैया पुत्र बद्री पासवान निवासी गाजियाबाद हुई। इसकी उम्र करीब 25 साल है। इसके कब्जे से एक तमंचा, 25 हजार 909 रुपए नगद (नोट व सिक्के) व एक बाइक स्प्लेंडर बरामद की गई है। कन्हैया के अन्य साथी को कांबिंग के दौरान गिरफ्तार किया गया। इसकी पहचान रोहित पुत्र राकेश निवासी सीतापुर हुई। इसकी उम्र करीब 22 साल है। घायल बदमाश को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। एडीसीपी सुमित शुक्ला ने बताया कि कन्हैया ने 18/19 अगस्त की रात मंदिर में दान-पात्र से चोरी की थी। इसके अलावा 25 दिन पहले कन्हैया ने अपने साथी रोहित के साथ मिलकर सेक्टर 116 स्थित स्टोर से कैश बॉक्स की चोरी किया था। इससे पैसे निकालकर बॉक्स को



हिंडन नदी में फेंक दिया था। इन दोनों ने मिलकर कई ओर चोरी की घटना की है। जिसके संबंध में जानकारी की जा रही है। साथ ही इनके डेटा को अन्य राज्य और जनपद में भेजा जा रहा है।

## गोशालाओं का दावा खोखला

### सड़कों पर निराश्रित पशुओं का जमावड़ा




अमन लेखनी समाचार

अमेठी में आवारा पशुओं को गोशालाओं में संरक्षित करने के दावों की पोल खुल गई है। प्रतापगढ़ रोड स्थित आरआर पीजी कॉलेज के पास की स्थिति इन दावों की सच्चाई बयां कर रही है।सड़कों पर आवारा गोवंश के झुंड आम नजारा बन गए हैं। इन पशुओं के बीच अक्सर झड़प की स्थिति बनती है। इससे कॉलेज जाने वाले छात्र-छात्राओं की सुरक्षा खतरे में है।स्थानीय राहगीरों को भी इन आवारा पशुओं से जूझना पड़ रहा है। प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। गोशालाओं में पशुओं के रखरखाव की व्यवस्था पर भी सवाल उठ रहे हैं।

# सुल्तानपुर में ड्रोन की अफवाह पर लगा विराम, ग्रामीणों ने ली राहत कि सांस

### महुआ के पेड़ पर मिली झालर लाइट, पत्थर में बांधकर लटकाया था





अमन लेखनी समाचार

सुल्तानपुर में पुलिस ने अफवाह को डिस्पोज किया है। मामला कोतवाली देहात के एक गांव में ड्रोन की अफवाह से जुड़ा है।सूचना मिलने के बाद पुलिस एक्टिव हुई और चंद मिनटों में मामले का खुलासा कर दिया। जिससे लोगों ने राहत की सांस ली।दरअसल शुक्रवार की रात करीब 9 बजे एक अजीब घटना सामने आई। थाना कोतवाली देहात क्षेत्र के ग्राम जादीपुर में ड्रोन फंसने की सूचना पुलिस को मिली। सूचना मिलते ही वरिष्ठ उप निरीक्षक हवलदार सिंह अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। टीम में हेड कांस्टेबल शैलेन्द्र यादव और कांस्टेबल कुलदीप यादव शामिल थे।

**60 फीट की ऊंचाई पर एक लाइट जल रही थी**

प्राथमिक विद्यालय जादीपुर के पास स्थित महुआ के पेड़ पर ग्रामीणों की भीड़ जमा थी। जांच में पता चला कि पेड़ पर करीब 60 फीट की ऊंचाई पर एक लाइट जल रही थी। ग्रामीणों की मदद से जब उस वस्तु को नीचे उतारा गया, तो वह एक साधारण झालर लाइट निकली।इस लाइट में एक छोटी बैटरी लगी हुई थी, जो टिमटिमा रही थी। लाइट को एक रस्सी से बांधकर छोटे पत्थर की मदद से पेड़ पर लटकाया गया था। पुलिस ने मौके पर और आसपास के क्षेत्र में जांच की। लेकिन कहीं भी ड्रोन नहीं मिला। इस तरह ड्रोन की सूचना पूरी तरह से गलत साबित हुई।

## कस्तूरबा गांधी विद्यालय की छात्राओं का अनूठा प्रयास



● बेकार सामान से बनाई उपयोगी वस्तुएं, के सिद्धांत पर किया काम

अमन लेखनी समाचार

संग्रामपुर स्थित राजकीय कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की छात्राओं ने जीवन कौशल विकास कार्यक्रम के तहत एक अनोखी पहल की है। छात्राओं ने बेकार पड़ी वस्तुओं को पुनः उपयोग लायक बनाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया है।शनिवार को आयोजित इस कार्यक्रम में आंचल, नीतू, ऋतु, साक्षी और श्रेया सहित कई छात्राओं ने अपनी शिक्षिकाओं के मार्गदर्शन में 3फ (रिड्यूस, रियूज, रिसाइकल) के सिद्धांत पर काम किया। यह कार्यक्रम खंड शिक्षा अधिकारी शशांक मिश्र के नेतृत्व में चलाए जा रहे गतिविधि आधारित शिक्षण एवं नवाचार कार्यक्रम का हिस्सा है।विद्यालय की छात्राएं शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ पाठ्येतर कार्यक्रमों में भी सक्रिय भागीदारी निभा रही हैं।इस तरह के नवाचार से छात्राएं न केवल रचनात्मकता का विकास कर रही हैं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति भी जागरूकता फैला रही हैं।

## चोरी-लूट के आरोपियों का बनेगा डेटाबेस:17 थानों के 899 अभियुक्तों का होगा सत्यापन



अमन लेखनी समाचार

अमेठी पुलिस ने अपराध पर नियंत्रण के लिए एक नई पहल की है।एसपी अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर जिले के सभी थानों में दर्ज चोरी, लूट, छिनैती, नकबजनी, वाहन चोरी व पशु चोरी के मामलों में शामिल 899 अभियुक्तों का सत्यापन किया जाएगा।सत्यापन में अभियुक्तों का नाम, वर्तमान व स्थाई पता, व्यवसाय, हुलिया, आधार कार्ड नंबर और आय का स्रोत दर्ज किया जाएगा। साथ ही उनके जमानतदारों, रिश्तेदारों, मददगारों और शरणदाताओं की जानकारी भी शामिल की जाएगी। जेल में साथ रहे अभियुक्तों का विवरण भी रिकॉर्ड में रखा जाएगा।

जिले के 17 थानों में सबसे अधिक अभियुक्त अमेठी थाने में 191, जगदीशपुर में 119 और गौरीगंज कोतवाली में 90 हैं। अन्य थानों में संग्रामपुर में 77, मुसाफिरखाना में 60, फुरसतगंज में 59, मोहनगंज और जायस में 47-47, मुंशीगंज में 44, कमरौली में 38, जामो में 37, पीपरपुर में 23, इन्हौना में 20, शिवरतनगंज में 16, रामगंज में 14, बाजार शुकुल में 12 और भाले सुल्तान शहीद स्मारक में 5 अभियुक्त पंजीकृत हैं दूसरे जिलों के अभियुक्तों के सत्यापन के लिए विशेष टीमों का गठन किया गया है। ये टीमें स्थानीय पुलिस की मदद से सत्यापन करेंगी। एसपी अपर्णा रजत कौशिक का कहना है कि इस कार्यवाही से अपराधों पर नियंत्रण में मदद मिलेगी और अपराधों का खुलासा करने में भी आसानी होगी।

## पर्यावरण संरक्षण समिति के सदस्य ने अपने 14वें जन्मदिन पर रोपे चौदह पौधे

जन्म दिन पर वृक्षारोपण करते

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर।कस्बे की तपोभूमि में अस्पताल के सामने पर्यावरण संरक्षण समिति की सदस्या ने अपने 14वें जन्मदिन पर चौदह पौधे रोपित कर संरक्षित करने का संकल्प लिया कस्बे में संचालित अमित पैकेजिंग के अधिकारी कैलाश माहेश्वरी पर्यावरण संरक्षण समिति के सक्रिय सदस्य है।इनकी बेटी अनन्या माहेश्वरी भी पर्यावरण के लिए छह साल की उम्र से पौधरोपण में रुचि दिखाने लगी और प्रत्येक जन्मदिन पर वह पौधरोपण का संकल्प ले लिया।वह समिति में पर्यावरण की राजकुमारी कही जाती है। इस बार वह अपने 14वें जन्मदिन पर चौदह पौधे रोपित किए। जिसमें पेंडुला अशोक व फाईकस चार-चार, बोगन बेलिया, सावनी व चांदनी के दो-दो पौधे रोपित किए गए। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष संतोष कुशवाहा ग्रीनमैन, डॉ.देवीदीन अविनासी, डॉ.परवेज कादरी, डॉ.शमा परवीन, पवन, आजाद आदि पर्यावरण प्रेमी मौजूद रहे

## कन्हाईलाल दत्त की जन्मतिथि पर संस्था के अध्यक्ष द्वारा श्रद्धासुमन अर्पित

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर। देश के प्रति देशभक्तों की भूमिका के मद्देनजर वर्णिता संस्था के तत्वावधान में विमर्श विविधा के अन्तर्गत जिनका देश ऋणी है के तहत मातृभूमि के एक अमर बलिदानी कन्हाईलाल दत्त की जन्मतिथि 30 अगस्त पर संस्था के अध्यक्ष डा भवानीदीन ने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि कन्हाईलाल दत्त सही मायने में युवा सरफरोश थे, इनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है, इनका जन्म पङ्ग बंगाल में 30 अगस्त 1888 को हुआ था, इनके पिता का नै चुन्नी लाल दत्त था, ये प्रारम्भिक शिक्षा प्राप्त करने के बी ए पास किया और चारुचंद्र राय जैसे देशभक्त के सम्पर्क में आकर क्रांतिकारी बन गये, 1908 में एक अंग्रेज भक्त हिन्दू नरेन्द्र गोस्वामी की गोली मारकर हत्या कर दी, अंग्रेज सरकार ने गिरफ्तार कर 10 नवम्बर 1908 को मात्र 20 की आयु में इन्हें फांसी पर लटका दिया गया।देश के लिए इनका बलिदान हमेशा याद रहेगा। कार्यक्रम में सिद्धा, बाबूलाल, प्रेम, कमलेश सोनकर, सागर, प्रिन्स विकास, महावीर, दयाराम सोनकर, दस्सी और राहुल प्रजापति आदि शामिल रहे।

### श्रद्धा एवं परंपरागत ढंग से घर घर मनाई संतान सप्तमी

पुत्रों की दीघार्यु एवं खुशहाल की पूजा करती महिलाएं

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्रों में संतान सप्तमी पर परंपरागत ढंग से मनाया गया। महिलाओं ने सुबह से व्रत रखकर विधि विधान के साथ पूजन करके पुत्रों की दीघार्यु एवं खुशहाली की कामना की कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्रों में संतानों की खुशहाली एवं दीघार्यु की कामना की। इस व्रत के करने से भगवान शिव एवं पार्वती प्रसन्न होते हैं। महिलाओं ने सुबह से व्रत रखकर दोपहर बाद विधि विधान से भगवान शिवपार्वती की फल, पकवान, मिष्ठान पुष्प आदि अर्पित करके पूजन करके व्रत का पारण किया।

## गरीब कल्याण सेवा ट्रस्ट के बैनर तले रक्तदान शिविर का आयोजन किया

### शिविर में 20 सदस्यों ने 20 यूनिट रक्तदान किया




अमन लेखनी समाचार

सुलतानपुर गरीब कल्याण सेवा ट्रस्ट के बैनर तले स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के ब्लड बैंक में शनिवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सलिल श्रीवास्तव, सीएमएस डॉ आर के मिश्रा, जीआईसी भदैंया के प्रधानाचार्य डॉ राजकरन, गरीब कल्याण सेवा ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष दीपक गुप्ता (पत्रकार) जिलाध्यक्ष सुल्तानपुर विजय भोजवाल, अमेठी जिलाध्यक्ष विजय मौर्या, विनोद गुप्ता की अगुवाई में फीता काटकर रक्त दान करने का शुभारंभ किया गया। शिविर में कुल 20 सदस्यों ने कुल 20 यूनिट रक्तदान किया। बल्दीराय निवासी रामेश्वरम, गुप्तारगंज निवासी हृदयराम पाल द्वारा रक्त दान की शुरूआत किया गया।

रक्त डोनेट करने वाले, सच्चितानंद गुप्ता, विवेक चौरसिया, अखिलेश गौतम, विनोद कुमार, सुजीत कुमार, अजय कुमार, राम रंजन गुप्ता, नागेश कुमार गुप्ता, सुनील कुमार यादव, अंकित शर्मा, पुष्पेंद्र कुमार आदि रक्त दान कर मानवता का परिचय दिए। मौके पर गरीब कल्याण सेवा ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष दीपक गुप्ता, जिला अध्यक्ष सुल्तानपुर विजय भोजवाल, जिला उपाध्यक्ष विनोद गुप्ता, जिला प्रवक्ता दिलीप विश्वकर्मा, विधिक सलाहकार एडवोकेट राकेश वर्मा आदि समाजसेवी गणमान्य उपस्थिति रहे।

## अमेठी मेडिकल कॉलेज का राज्य मंत्री ने किया निरीक्षण



अमन लेखनी समाचार

अमेठी /उत्तर प्रदेश के राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने अमेठी के तिलोई में नवनिर्मित मेडिकल कॉलेज का औचक निरीक्षण किया। मंत्री ने निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया निरीक्षण के दौरान मंत्री ने कई खामियां पाईं। उन्होंने जिम्मेदार अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए। मंत्री ने कहा कि निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूरा किया जाए। इससे मेडिकल कॉलेज को जल्द से जल्द चालू किया जा सकेगा।इस दौरान जिला रेफरल अस्पताल की प्रधानाचार्य रीना मृगांकेश्वर शरण सिंह और अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## मार्केटिंग कंपनी के झांसे में आकर ठगी का शिकार हुए ग्रामीण

### दर्जनों महिलाओं से 16,800 रुपए प्रति व्यक्ति लेकर फरार

अमन लेखनी समाचार

अमेठी के जगदीशपुर व बाजार शुक्ल क्षेत्र में एक मार्केटिंग कंपनी के जरिए अधिक ब्याज का लालच देकर दर्जनों महिलाओं से लाखों रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। पीड़िता संतोष देवी पत्नी रामप्रसाद निवासी रूदापुर मऊ अतवारा थाना जगदीशपुर व केशपता पत्नी संकटा प्रसाद ने बाजार शुक्ल थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया कि करीब छह माह पूर्व रिंकी पुत्री जुगराज निवासी ग्राम सिरियारी (जगदीशपुर) व मुकेश कुमार निवासी पूरे उपाध्याय, सलोन जिला रायबरेली उनके पास पहुंचे और खुद को रूट प्योर मार्केटिंग कंपनी का अफसर बताते हुए निवेश पर अधिक लाभ का झांसा दिया।



महिलाओं का आरोप है कि दोनों ने प्रत्येक महिला से 16,800 रुपए निवेश कराए और अन्य लोगों को भी जोड़ने के लिए प्रलोभन दिया।इसी नेटवर्किंग के तहत मुसाफिरखाना के अनिल कुमार व संगीता ने भी चंदमती, आशा देवी, राजकुमारी समेत दर्जनों महिलाओं से लाखों रुपए वसूले। लेकिन निर्धारित समय बीतने के बाद जब महिलाओं ने अपने पैसे वापस मांगे तो आरोपितों ने देने से साफ इनकार कर दिया।पीड़ित महिलाओं ने जगदीशपुर व बाजार शुक्ल थाने में लिखित प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। दोनों जगहों की पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## 50 ग्राम स्मैक के साथ एक गिरफ्तार



अमन लेखनी समाचार

अमेठी में पुलिस ने नशे के खिलाफ बड़ी कामयाबी हासिल की है। बाजार शुक्ल थाना पुलिस ने राजू उपाध्याय उर्फ रवीन्द्र को 50 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है।लिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में नशा मुक्त अमेठी अभियान चल रहा है। इसी के तहत मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने कार्रवाई की। आरोपी की तलाशी में उसके पास से स्मैक बरामद हुई।पुलिस ने राजू उपाध्याय के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि नशे के कारोबारियों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा। पुलिस दोषियों को सजा दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। इस गिरफ्तारी से क्षेत्र में नशे के कारोबार पर रोक लगाने में मदद मिलेगी।

## एक उम्मीद एनजीओ निरंतर बच्चों की शिक्षा पर दे रही है जोर - डॉ सीता यादव

अमन लेखनी समाचार



झांसी। एक उम्मीद जनकल्याण सेवा समिति एन जी ओ निरंतर बच्चों की शिक्षा पर जोर दे रही है ताकि बच्चे पढ़ लिखकर अपना भविष्य मजबूत बना सके। यह बात एक उम्मीद जनकल्याण सेवा समिति एन जी ओ की प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर सीता यादव ने अपने एक दिवसीय झांसी दौरे के दौरान एक स्थानीय होटल में पत्रकारों से चर्चा करते हुई कही। पत्रकारों से चर्चा करते हुए प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर सीता यादव ने कहा कि एक उम्मीद जरूरतमंद बच्चों को हर संभव मदद का प्रयास करते हुए उनको निशुल्क स्टेशनरी वितरण करती है, ताकि बच्चे शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़कर अपने देश का नाम रोशन कर सकें। उन्होंने बच्चों के अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि बच्चों को मोबाइल से दूर रखें मोबाइल के कारण बच्चों का शिक्षा से मन भटक जाता है जिससे बच्चों को मोबाइल की लत पड़ जाती है जो कि बहुत ही हानिकारक है।एक उम्मीद के बारे में उन्होंने विस्तार से बताया कि हमारी एनजीओ द्वारा समय-समय पर स्वास्थ्य शिविर भी लगाए जाते हैं जिसमें गरीब लोगों का इलाज होता है एवं निशुल्क दवाइयां वितरण की जाती है शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में हम लोगों का निरंतर समाज सेवा के माध्यम से कार्य होता रहता है। पत्रकार वार्ता में मंडल अध्यक्ष प्रदीप यादव टांडा मंडल उपाध्यक्ष निसार खान साकिन मंडल मीडिया प्रभारी रोहित झा मंडल सचिव राजेंद्र साहू सपना गार्डन चौधरी इस्लाम कुरैशी सहित आदि लोग मौजूद रहे।

## पारा रैपुरा में वृंदावन के कलाकारों ने की रासलीला

कलाकारों ने दिखाई अपनी रासलीला

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। पारा रैपुरा के छठ महोत्सव में वृंदावन से आए कलाकारों ने देवी देवताओं के नयनाभिराम झांकियां प्रस्तुत की। कार्यक्रम देखने के लिए ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ी हुई थी पारा रैपुरा में छठ महोत्सव की शोभायात्रा के उपरांत रात में वृंदावन से आए कलाकारों ने रासलीला का सुंदर मंचन किया। उन्होंने देवी देवताओं के सुंदर झांकिया प्रस्तुत की। कार्यक्रम देखने के लिए ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ी रही। वहीं शनिवार को आल्हा गायन का कार्यक्रम रखा गया। इसमें एक दर्जन से ज्यादा आल्हा गायको ने हिस्सा लेकर अपनी-अपनी रचनाओं की शानदार प्रस्तुति देकर लोगों में जोश भर दिया। इस मौके पर प्रधान शिवदयाल प्रजापति, पूर्व प्रधान बिहारी लाल प्रजापति, राकेश शर्मा, विजय कुमार, अनिरुद्ध प्रजापति आदि सैकड़ो लोग मौजूद रहे

## अधिशाषी अधिकारी ने हाइवे किनारे अतिक्रमण अभियान चलाया

अतिक्रमण हटवाते अधिशासी अधिकारी

अमन लेखनी समाचार

कुरारा। कस्बे में नगर पंचायत कुरारा का चार्ज लिए व सरीला एसडीएम बलराम गुप्ता की अगुआई में हाइवे के किनारे के अतिक्रमण अभियान चलाया गया। जिससे दोपहर बाद से देर शाम तक अफरा तफरी का माहौल रहा कस्वे के बेरी तिराहे पर नगर पंचायत द्वारा पानी की टंकी लगवाने के काम करवाया जा रहा है। जिसपर आसपास ठेला दुकानदारों का कब्जा है। नगर पंचायत द्वारा वहां रखी वार्ड 3 के सभासद प्रतिनिधि नफीस अहमद की अंडे की गुमटी को भी हटाया गया। तभी वहां मौजूद लगभग आधा सैकड़ा लोगो ने जिसमे शिवम सिंह, दद्दा शुक्ला, नूरमोहम्मद, मोती सविता, राजेन्द्र, छोटे गुप्ता, मोहम्मद भीमा, रमेश, आमिर आदि ने अधिशाषी अधिकारी बलराम गुप्ता से कहा कि पानी की अवश्यकता नही है हैंडपम्प व तमाम होटल है काम चलता है यहां एक शौचालय होना चाहिए। फिलहाल तमाम शोर शराबे के बीच पुलिस की मौजूदगी में अतिक्रमण अभियान चलता रहा और लोगो की दुकान हटाई जा रही है

अतिक्रमण अभियान के दौरान वीरसिंह यादव जोकि वहां बनी कई दुकानों के मालिक है और उनके द्वारा इन दुकानों को भाड़े पर उठाया गया है। उन्होंने अधिशाषी अधिकारी बलराम गुप्ता को अदालत के कागज दिखाए और कहा कि 15 सितम्बर तक हमारे घर के सामने निर्माण व अतिक्रमण की रोक है जिसपर बलराम गुप्ता द्वारा कागज देखकर कहा गया कि कोई रोक नही है। वही जब उनके भाई लोकेंद्र यादव ने अपना परिचय देते हुए बताया कि वो सरकारी अध्यापक है तो बलराम गुप्ता ने नगर पंचायत कर्मी अनुरुद्ध पांडेय से कहा कि एक नोटिस तैयार कर बीएसए कार्यालय भेजिए जिसमें लिखिए की इनके द्वारा इस ऊपरी कमाई पर कर दिया जा रहा है कि नही

जब वहाँ मौजूद लोगों ने अधिशाषी अधिकारी बलराम गुप्ता से पहले शौचालय बनवाने की मांग की और कहा कि पानी बाद में तो बलराम गुप्ता द्वारा जेई को फोन कर शौचालय का स्टीमेट बनाने का आदेश दिया वही दो लोगो द्वारा बहस करने पर पुलिस को सौप दिया।

**अमन लेखनी (हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट- बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ- 226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com




# तमन्ना-डायना की सीरीज डू यू वाना पार्टनर का ट्रेलर रिलीज

मुंबई। तमन्ना भाटिया और डायना पेंटी की सीरीज डू यू वाना पार्टनर का ट्रेलर मेकर्स ने जारी किया है। ट्रेलर में दिखाया जाता है कि कैसे दो महिलाएं शिखा और अनाहिता अपने नए बिजनेस को शुरू करती हैं। इसमें उन्हें धैर्य और संघर्ष को बेहद ही शानदार ढंग से दिखाने का प्रयास किया जाता है। ट्रेलर में कॉमेडी भी देखने को मिलती है। इस सीरीज को युवाओं पर फोकस किया गया है, जो दर्शकों को प्रेरणा देने का काम भी कर सकती है। कोलिन डी कुन्हा और अर्चित कुमार द्वारा निर्देशित सीरीज डू यू वाना पार्टनर 12 सितंबर को अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी। वहीं, इस सीरीज को मिथुन गोंगोपाध्याय और निशांत नायक द्वारा निर्मित किया गया है।

## लाइफ Style

# साई धनशिका

## 12 साल बड़े स्टार से की सगाई



स्टार विशाल ने साई धनशिका के साथ अपने रिश्ते का खुलासा इस साल मई में किया था। उन्होंने जल्द शादी करने की बात कुबूल थी। जब से इस बात का पता चला था कि दोनों रिलेशनशिप में हैं, तभी से ही उनके फैंस दोनों की शादी का इंतजार कर रहे थे। कपल ने अब अपनी सगाई की तस्वीरें शेयर करके फैंस को खुशखबरी दी है। इसे लेकर विशाल के फैंस काफी खुश हैं। वे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर उन्हें बधाई देते दिख रहे हैं।

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

धनशिका से विशाल 12 साल बड़े हैं। एक्टर ने सगाई की तस्वीरों को शेयर करते हुए लिखा, 'दुनिया के कोने-कोने से लोग मुझे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर शुभकामनाएं और आशीर्वाद दे रहे हैं। इसके लिए आप सभी करीबियों का धन्यवाद. आज मुझे साई धनशिका के साथ हुई सगाई के बारे में आपको बताते हुए बहुत खुशी हो रही है। हमेशा की तरह आपके आशीर्वाद की कामना करता हूं।' तस्वीरों में विशाल और धनशिका के साथ ही उनका परिवार भी दिख रहा है। विशाल ने इनमें अपनी अंगूठी की फोटो भी शेयर की है। जब दोनों ने अपने रिश्ते का खुलासा किया था, तब साई धनशिका ने कहा था कि वो विशाल को 15 साल से जानती हैं। उनके मुताबिक, मुश्किल हालातों में विशाल ने उनका साथ दिया. वहीं विशाल ने कहा था कि साई को पार्टनर के रूप में पाकर वो बहुत खुश हैं और ईश्वर को इसके लिए धन्यवाद देते हैं। विशाल और साई धनशिका फिलहाल शादी की तारीख का ऐलान नहीं किया गया है, लेकिन जल्द ही दोनों शादी करेंगे। बताया जा रहा है कि सगाई की तरह इसमें भी करीबी रिश्तेदार ही शामिल होंगे। वर्क फ्रंट की बात करें तो विशाल अपनी 35वीं फिल्म मगुडम पर काम कर रहे हैं।

## हॉलीवुड मसाला



# ओल्ड टाउन रोड से मिली पहचान

लॉस एंजिल्स। अटलांटा के 26 वर्षीय रैपर और गायक लिल नैस एक्स को 2018 के अपने सबसे प्रसिद्ध एल्बम 'ओल्ड टाउन रोड' के लिए जाना जाता है। यह गाना दर्शकों द्वारा काफी पसंद किया गया था। इसके अलावा रैपर को साल 2021 में आए मोंटेरो एल्बम के लिए ग्रैमी पुरस्कार के लिए भी नामांकित किया गया था। लिल नैस एक्स रैपर लिल नैस एक्स ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो पोस्ट किया। इसमें उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा, पिछले चार दिन बहुत डरावने रहे हैं।




# मरने से पहले अपने हर बच्चे के नाम छोड़ गया 244 करोड़ रुपए

लॉस एंजिल्स। शायद ही दुनिया में कभी ऐसा पॉप स्टार होगा, जिसके मरने पर पूरी दुनिया ने आंसू बहाए और इसकी अंतिम यात्रा में शामिल होने के लिए लकी टिकट निकाले गए थे। इसकी अंतिम यात्रा को स्ट्रीम किया गया, तो उसे दुनियाभर के 300 करोड़ लोगों ने देखा था। यही नहीं, मरने के 70 दिन बाद इसे दफनाया गया था और वह भी रहस्यमय तरीके से। और तो और इस पॉप स्टार ने मरने के बाद कई रिकॉर्ड बनाए थे। इसके नाम पर एक-दो नहीं, बल्कि 39 गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड हैं। बताया जाता है कि मौत के बाद इस पॉप स्टार की 17,110 करोड़ रुपए कमाई हुई। यह अपने हर बच्चे के नाम 244 करोड़ और बाकी प्रॉपर्टी में हिस्सा छोड़ गया था। यह थे माइकल जैक्सन, जिन्हें दुनिया 'किंग ऑफ पॉप' भी कहती थी। वह दुनिया के सबसे बेहतरीन सिंगर थे। आवाज के अलावा वह अपने गानों, डांसिंग स्टाइल और मून वॉक के लिए मशहूर थे।



# सनी संस्कारी ...में बाहुबली अवतार में दिखे वरुण!

मुंबई। एक्टर वरुण धवन और जान्हवी कपूर की फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' के मेकर्स ने शुक्रवार को टीजर रिलीज कर दिया है, जिसमें कॉमेडी और रोमांस का शानदार तड़का देखने को मिल रहा है। धर्मा प्रोडक्शन ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर टीजर रिलीज किया और कैप्शन में लिखा, 'चार लोग, दो दिल तोड़ने वाले, एक शादी। फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' का टीजर रिलीज हो गया है। यह 2 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।' 1 मिनट के टीजर की शुरुआत वरुण धवन के मस्ती भरे अंदाज से होती है, जहां वह बाहुबली अवतार में नजर आते हैं। वरुण मजेदार अंदाज में पूछते हैं, 'मैं बाहुबली लग रहा हूं ना?' जवाब में एक किरदार कहता है, 'रणवीर सिंह की धोती में प्रभास का पौधा लग रहा है!




# कमजोर कहानी को न परम संभाल पाए न ही सुंदरी

नई दिल्ली। सिद्धार्थ मल्होत्रा, जाह्नवी कपूर, मनजोत सिंह और संजय कपूर स्टारर फिल्म परम सुंदरी शुक्रवार को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई। परम सुंदरी की कहानी कमजोर निकली, कुछ भी नयापन देखने को नहीं मिला। फिल्म की कहानी एक नॉर्थ इंडियन लड़के परम सचदेव (सिद्धार्थ मल्होत्रा) और एक साउथ इंडियन लड़की थेक्कापट्टू सुंदरी दामोदरम पिल्लई (जाह्नवी कपूर) पर आधारित है। फिल्म में न तो कोई बेहतरीन लव स्टोरी है और न ही कोई कॉमेडी जो इसे मनोरंजक बना सके। फिल्म में जाह्नवी कपूर और सिद्धार्थ मल्होत्रा को कई बार ओवरएक्टिंग करते देखा। जाह्नवी फिल्म में जिस तरह के रोल में थीं, उस पर खरी नहीं उतर पाईं। उन्हें अभी भी काफी मेहनत करने की जरूरत है।

## टीवी मसाला



# अनुपमा सिंहासन पर काबिज, पिछली बार से तुलसी की बेहतर हुई स्थिति

नई दिल्ली। 33वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट सामने आ चुकी है। पिछले बार के मुकाबले लिस्ट में बड़ा उलट-फेर नहीं हुआ है। सीरियल अनुपमा अपनी जगह पर काबिज है। सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' ने अपनी कंडीशन को कुछ बेहतर किया है। रुपाली गांगुली स्टारर सीरियल अनुपमा कई साल से दर्शकों का मनोरंजन कर रहा है, साथ ही टीआरपी लिस्ट में हमेशा टॉप फाइव में बना रहता है। 33 हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में इसे 2.3 की टीआरपी मिली है और यह पहले नंबर पर काबिज है। पिछले हफ्ते भी यह सीरियल टॉप पर बना हुआ था। सीरियल 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' 2.0 की टीआरपी के साथ दूसरे नंबर पर है। वहीं, तीसरे नंबर पर स्मृति ईरानी स्टारर सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' है, इसे 1.9 की टीआरपी मिली है। पिछले हफ्ते यह शो चौथे नंबर पर था। लगभग 17 साल से टीवी पर दर्शकों को अपनी कॉमेडी से हंसा रहा सीरियल 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' इस हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में चौथे नंबर पर है। पांचवें नंबर पर शरद केलकर स्टारर सीरियल 'तुम से तुम तक' शामिल हुआ है।

# अमिताभ ने याद किया विराट का इमोशनल पल

नई दिल्ली। सोनी टीवी का क्विज रियलिटी शो कौन बनेगा करोड़पति लंबे वक्त से दर्शकों का मनोरंजन कर रहा है। शो में अमिताभ बच्चन कई अलग-अलग किस्से और अपने विचारल फैंस के साथ शेयर करते हैं। अब शो के लेटेस्ट एपिसोड में अमिताभ बच्चन ने विराट कोहली के उस इमोशनल पल को याद किया जब आईपीएल में उनकी टीम को जीत



मिली थी। अमिताभ बच्चन ने कहा कि जब सालों की मेहनत के बाद व्यक्ति को जीत मिलती है तो आदमी हिल जाता है। कौन बनेगा करोड़पति 17 के लेटेस्ट एपिसोड में अमिताभ बच्चन ने सामने बैठे कंटेस्टेंट से क्रिकेट से जुड़ा सवाल पूछा। सवाल था- 2025 में, अपने करियर में किसी एक फ्रेंचाइजी के लिए 9000 रन बनाने वाले पहले बल्लेबाज कौन बने? सवाल के जवाब में कंटेस्टेंट ने तुरंत विराट कोहली का नाम लिया, जो एक सही जवाब था। इसके बाद अमिताभ बच्चन ने विराट कोहली के एक इमोशनल पल को याद करते हुए क्रिकेटर की तारीफ की। अमिताभ बच्चन ने कहा, 'विराट कोहली अपने कॅरियर में सिर्फ आरसीबी के लिए खेले हैं और ये कभी जीत नहीं पाए थे। वो दृश्य देखा होगा आपने जब वो जीते थे। इतना भावुक हो जाता है इंसान, इतना बड़ा क्रिकेटर। विश्वभर में जिसका नाम हो।

# बंधनों को तोड़कर कश्मीर से उठी सुरों की इबादत



नई दिल्ली। अभिनेत्री सबा आजाद और सोनी राजदान स्टारर फिल्म 'सॉन्स ऑफ पैराडाइज' ओटीटी पर शुक्रवार को रिलीज हो गई है। कहते हैं, एक सच्चे कलाकार की कला हर धर्म, जाति, पंथ और लिंग की सीमाओं से ऊपर उठकर सिर्फ इंसानियत और भावनाओं की जुबान बोलती है। उसकी कला को समाज की बेड़ियां जकड़ नहीं सकतीं। दूसरे शब्दों में कहें तो एक कलाकार को कैद किया जा सकता है लेकिन उसकी कला को नहीं। अभिनेत्री सबा आजाद और सोनी राजदान की फिल्म 'सॉन्स ऑफ पैराडाइड' इसी सच को बयां करती है। कश्मीर की एक साधारण सी लड़की जो सपने तो देखती है मगर उन्हें पूरा करने की उसे अनुमति नहीं है। क्यों? क्योंकि वो एक लड़की है, जिसे शादी करके अपने शौहर के घर जाना है। कहने को तो 'आजाद भारत' में साल 1954 की बात है, लेकिन आजादी का असली मतलब क्या है, ये शायद किसी को नहीं पता। ये कहानी है साधारण सी लड़की 'जेबा' की, जो आगे चलकर कश्मीर की 'नूर बेगम' बनती हैं। फिल्म में सबा आजाद ने जेबा का किरदार निभाया है, जिनकी मासूमियत स्क्रीन पर देखते ही बनती है। सबा ने अपने किरदार के साथ जस्टिस करने की पूरी कोशिश की है और इसके लिए उन्हें पूरे नंबर दिए जाने चाहिए। वहीं, मौजूदा वक्त में जेबा यानी नूर बेगम का किरदार दिग्गज अभिनेत्री सोनी राजदान ने निभाया है। सोनी राजदान ने अपने अभिनय का पूरा अनुभव फिल्म में झोंक दिया है। सबसे बड़ी चुनौती जो इन अभिनेत्रियों के सामने थी वो था कश्मीरी एक्सेंट को अपनाने की, जिसके लिए इनकी तारीफ जरूर करनी चाहिए। जेबा की अम्मी के रोल में शिबा चड्ढा नजर आ रही हैं, वहीं आजाद साहब का रोल जैन खान दुर्रानी ने निभाया है। एक्टिंग के मामले में फिल्म में कहीं पर भी कोई खामी नजर नहीं आती। हर एक किरदार अपने-अपने प्लॉट के हिसाब पूरी तरह खरा उतरता है।

## जय गणपति . . गणनायक...



मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री रवीना टंडन गुरुवार को मुंबई स्थित अपने आवास पर 'गणेश चतुर्थी' उत्सव के दौरान।

## जापान के कोबे शहर में हुई थी सायोनारा गाने की शूटिंग

# तब 16 साल के थे पीएम मोदी, जब सायोनारा की थी भारत में गूंज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

करीब 59 साल पहले आई फिल्म लव इन टोक्यो को इस वक्त याद करना तो बनता है। इस वक्त जहां भारत के प्रधानमंत्री इस वक्त जापान के टोक्यो में हैं और ये फिल्म उनके टीनेज के दिनों की है। पीएम मोदी 31 अगस्त से 1 सितंबर तक चीन के तियानजिन में होने वाले शंघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। आज हम यहां उस फिल्म को याद करने जा रहे हैं जो जापान से जुड़ा है और जब ये फिल्म रिलीज हुई थी तो पीएम मोदी करीब 16 साल के रहे होंगे। अपने युवा दौर में यकीनन उन्होंने भी इस फिल्म और इसके फेमस गाने 'सायोनारा' का लुत्फ जरूर उठाया होगा। आज हम इसी 'सायोनारा' की कहानी सुनाने जा रहे हैं। 'सायोनारा' गाना फिल्माया गया था आशा पारेख पर, जिनकी खूबसूरती ने इसमें चार चांद लगा दिया था। इसमें आवाज दी थी लता मंगेशकर ने, जिनकी आवाज आज भी हर किसी के दिलों में जवां है।



### लव इन टोक्यो को खूब मिली सफलता

'लव इन टोक्यो' बताती है कि उन्हें इतनी सफलता क्यों मिली। ये फिल्म बेहतरीन और आकर्षक होने के साथ-साथ नैतिक रूप से भी ईमानदार रही जिसने दर्शकों को बीच-बीच में मुस्कुराने, इमोशनल करने और खिलखिलाने पर मजबूर किया। वैसे तो इस फिल्म में कई गाने थे, जिसमें 'ले गई दिल गुड़िया जापान की' और 'सायोनारा सायोनारा' भी शामिल हैं। 'सायोनारा' ने अधिक पॉप्युलैरिटी बटोरी जिसकी वजह शायद ये शब्द 'सायोनारा' था। गाने में आवाज दी थी स्वर कोकिला लता मंगेशकर ने, लेकिन इसे लिखा था हसरत जयपुरी ने। संगीत शंकर जयकिशन का था। बताया जाता है कि 'सायोनारा' की शूटिंग जापान के कोबे शहर में हुई लेकिन जापानी दृश्यों को क्योटो में फिल्माया गया था। फिल्म में क्योटो के कुछ रियल लोकेशन थे।

### उस दौर में रेडियो पर लोगों ने इस गाने को खूब सुना

*आशा पारेख और जॉय मुखर्जी की लीड रोल वाली ये फिल्म 'लव इन टोक्यो' ऐसी ही फिल्म थी, जो प्यारी और मनोरंजक थी। 1960 के दशक में कई फिल्में आईं जिसने बॉक्स ऑफिस पर धूम मचा दी और लोगों की यादों में हमेशा के लिए रह गई। उन्ही दिनों साल 1966 में रिलीज हुई 'लव इन टोक्यो' जिसका गाना 'सायोनारा' अपने रोमांटिक अंदाज, जापान के अद्भुत लोकेशन और दिल को छू लेने वाले धुनों का ऐसा मेल था जिसे देखने वालों ने ही नहीं बल्कि सुनने वालों ने भी खूब प्यार दिया।*

### लव इन टोक्यो की कहानी

लव इन टोक्यो' की कहानी टोक्यो, जापान के बैकग्राउंड पर सेट है, जहां अशोक यानी (जॉय मुखर्जी) अपने भतीजे चिक्कू को भारत से लाने के लिए जापा पहुंचता है। दरअसल गायत्री देवी (ललिता पवार) अपने बेटे अशोक को जापान भेजती है ताकि उसका पोता उसके पास आ जाए। गायत्री देवी का एक बड़ा बेटा था, जिसने उसके आशीर्वाद के बिना जापानी मूल की लड़की से शादी की थी। वह चाहती है कि अशोक सरिता से शादी कर ले, लेकिन अशोक सरिता में कोई दिलचस्पी नहीं दिखाता है। उधर जापान पहुंचने के बाद अशोक आशा (आशा पारेख) से मिलता है और दोनों में प्यार हो जाता है। वहीं ,अब आशा के चाचा चाहते हैं कि आशा प्राण (प्राण) से शादी कर ले, लेकिन आशा को वो पसंद नहीं और फाइनली वो अशोक के साथ भाग जाती है।

### आशा पारेख कब गाती हैं सायोनारा

इसी फिल्म मे जब अशोक आशा (आशा पारेख) से मिलता है तो दोनों की लव स्टोरी शुरू होती है। आशा एक सिख लड़के और फिर चिजुरु (चिक्कू की कथित मौसी) के भेष में अशोक से मिलती है। इस फिल्म में दोनों के बीच फिल्माया गाना 'सायोनारा सायोनारा' उसी सीन में आता है। जब आशा, चिजुरु के रूप में, अशोक के साथ रोमांटिक अंदाज में छेड़खानी करती है और वादा करती है कि वह फिर मिलेगी। 'सायोनारा' एक जापानी शब्द है जिसका मतलब अलविदा है। हालांकि फिल्म के गाने 'सायोनारा सायोनारा, वादा निभाऊंगी सायोनारा, इठलाती और बलखाती, कल फिर आऊंगी सायोनारा' में इस शब्द का इस्तेमाल एक चंचल और रोमांटिक विदाई की तरफ इशारा करता है जिसमें फिर मुलाकात का इशारा है। ये फिल्म के टोक्यो सेटिंग के साथ मेल खाता है।